हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

### चुनाव प्रचार में किसने कितनी राशि खर्च की

| | |
|---|---|
| मीनल चौबे-भाजपा | 1466801 |
| दीप्ति दुबे-कांग्रेस | 993218 |
| डा. शुभांगी तिवारी-आप | 177430 |
| डा. सितारा खान-बसपा | 23900 |
| अनिता कुलदीप-शिवसेना | 12330 |
| चांदनी साहू-जोहार छत्तीसगढ़ | 140170 |
| ज्योति सिंह-शिवसेना यूबीटी | 33660 |
| मीना तिवारी-धूं सेना | 110532 |
| प्रिया शर्मा-गोंडवाना गणतंत्र | 45060 |
| सविता बंजारे-शक्तिसेना भारत देश | 43150 |
| डा. आरती सोनवानी-निर्दलीय | 62305 |
| गायत्री सिंह-निर्दलीय | 215060 |
| राधेश्वरी गायकवाड़ा -निर्दलीय | 36948 |
| सरोज सोलंकी-निर्दलीय | 72820 |
| शोभा-निर्दलीय | 85300 |
| सुषमा अग्रवाल-निर्दलीय | 44200 |

**खर्चे का हिसाब-किताब जमा, रायपुर नगर निगम के महापौर पद पर 16 महिला प्रत्याशियों ने लड़ा था चुनाव**

# मेयर चुनाव में मीनल ने किए सबसे ज्यादा 14 लाख रुपए खर्च, शिवसेना ने सिर्फ 12 हजार में चुनाव लड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रायपुर नगर निगम में महापौर पद पर चुनाव लड़ने वाली सभी 16 प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में किए गए खर्च का ब्योरा जिला निर्वाचन को सौंपा है। इसके तहत चुनाव में निर्वाचित हुई भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे चुनाव-प्रचार में खर्च करने में सबसे आगे रहीं। उन्होंने 14 लाख 66 हजार 801 रुपए खर्च किए हैं। दूसरे नंबर पर राशि खर्च करने में कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे रहीं। उन्होंने 9 लाख 93 हजार 218 रुपए खर्च किया है। वहीं तीसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी गायत्री सिंह रहीं, जिनके द्वारा 2 लाख 15 हजार 60 रुपए खर्च किया गया है। चुनाव में सबसे कम खर्च करने का रिकार्ड शिवसेना की प्रत्याशी अनीता कुलदीप के नाम रहा। उन्होंने चुनाव-प्रचार में मात्र 12 हजार 330 रुपए की राशि खर्च की है।

**14 प्रत्याशियों की जमानत जब्त:** महापौर चुनाव में हारने वाले 15 प्रत्याशियों में कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे ही अपनी जमानत बचा पाने में कामयाब रहीं, वहीं आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी शुभांगी तिवारी सहित 14 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई।

## दूसरे नंबर पर राशि खर्च करने में कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे रहीं

### केवल भाजपा प्रत्याशी ही 50 प्रतिशत से ज्यादा राशि खर्च की

महापौर पद के लिए नगर निगम रायपुर से 16 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा। गाइड लाइन के अनुसार महापौर पद के चुनाव प्रचार में प्रत्येक प्रत्याशी के खर्च की अधिकतम सीमा 25 लाख रुपए निर्धारित थी, लेकिन चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों में मीनल चौबे ही इकलौती प्रत्याशी रहीं जो अधिकतम खर्च की राशि की तुलना में 50 प्रतिशत से ज्यादा राशि खर्च कर पाईं। इसके अलावा कांग्रेस सहित 15 प्रत्याशियों में कोई भी प्रत्याशी 50 प्रतिशत राशि तक खर्च नहीं कर पाए।




### नगर पालिका परिषद में सर्वाधिक गोबरानवारा से भाजपा प्रत्याशी ने खर्च किए पौने पांच लाख

अध्यक्ष पद के चुनाव में जिले के पांचों नगर पालिका परिषद आरंग, गोबरानवापारा, तिल्दा नेवरा, मंदिर हसौद एवं अभनपुर में चुनाव प्रचार में सर्वाधिक राशि गोबरा नवापारा से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमारी साहू ने 4 लाख 78 हजार 735 रुपए खर्च किया है। दूसरे नंबर पर आरंग नगर परिषद से ▶▶| शेष पेज 15 पर

### नगर पंचायतों में खरोरा से भाजपा प्रत्याशी ने सर्वाधिक 4 लाख से अधिक राशि खर्च की

जिले के नगर पंचायत कूंरा, माना कैंप, खरोरा, समोदा एवं चंदखुरी में हुए अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार में खर्च करने में खरोरा से भाजपा प्रत्याशी सुनीता सोनी सबसे आगे रही। उन्होंने 4 लाख 26 हजार 40 ▶▶| शेष पेज 15 पर

## खबर संक्षेप

### मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा, दो गिरफ्तार





**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अलग-अलग मामलों में शिवानंदनगर में दो लोगों को मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा संचालन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सट्टा संचालन करने के आरोप में पुलिस ने इरशाद खान तथा नवीन सोनवानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा संचालित करते गिरफ्तार किया है।

नशीले टेबलेट के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर। सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो लड़कों को दो सौ नशीले टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नशीले टेबलेट के साथ सैबी ए. बैंजामिन, अश्वनी पाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों युवकों को अशोक विहार, खादी ग्रामोद्योग के पास ग्राहकों को नशीला टेबलेट बेचते गिरफ्तार किया। अश्वनी पूर्व में ओडिशा में ठगी के आरोप में जेल जा चुका है।

### शादी का झांसा देकर किशोरी से रेप

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक किशोरी ने एक युवक के खिलाफ शादी करने का झांसा देकर रेप की



रिपोर्ट दर्ज कराई है। 17 वर्षीय किशोरी ने फलेश्वर वर्मा के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई है। किशोरी ने पुलिस को बताया है कि फलेश्वर के साथ उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई है। फलेश्वर ने किशोरी को शादी करने का झांसा देकर चंगोराभाठा में बुलाकर रेप किया। शादी करने दबाव बनाने पर फलेश्वर ने किशोरी से शादी करने से इनकार कर दिया।

### फिल्टर प्लांट ड्यूटी में जा रहे कर्मी की मौत

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के छह बजे फिल्टर प्लांट ड्यूटी पर जा रहे सायकल सवार कर्मी की ट्रक के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक की चपेट में आने से मठपुरैना बीएसयूपी कालोनी निवासी नरोत्तम दीप की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक अपनी सायकल से भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में ड्यूटी करने जा रहा था। इस दौरान ट्रक सीजी 04 एमके 9852 के चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए मठपुरैना, संतोषी नगर दुर्गा मंदिर मेन रोड में नरोत्तम की सायकल को ठोकर मार दी। सिर में चोट लगने की वजह से नरोत्तम की मौके पर ही मौत हो गई।

### एमआईसी की बैठक आज

रायपुर। गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में महापौर मीनल चौबे 27 मार्च को दोपहर 3 बजे एमआईसी की बैठक लेंगी। निगम बजट के संबंध में सदस्यों से सुझाव और एजेंडों पर चर्चा इस मौके पर की जायेगी। 28 को पेश वाले नगर निगम बजट से पहले महापौर ने यह बैठक बुलाई है।

### बुधवार को हिंदी संग शुरू हुई 12वीं ओपन बोर्ड की परीक्षा, 10वीं के पर्चे आज से

# 12वीं हिंदी में 30 अंक के सवाल बाहर से, रीढ़ की हड्डी 9वीं के सिलेबस में, इससे पूछे सर्वाधिक प्रश्न


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

ओपन स्कूल की परीक्षाएं बुधवार से प्रारंभ हो गईं। पहले दिन बारहवीं कक्षा का हिंदी विषय का पर्चा रहा। परीक्षा देकर निकले छात्रों और संबंधित विषय के शिक्षकों का कहना है कि प्रश्नपत्र में पूछे गए 30 अंक के सवाल सिलेबस के बाहर से थे। छात्रों से उन पाठ से भी सवाल पूछे गए, जो उनके पाठ्यक्रम का हिस्सा ही नहीं है। आउट ऑफ सिलेबस सवालों में से सर्वाधिक प्रश्न 'रीढ़ की हड्डी' से पूछे गए। यह जगदीश चंद्र माथुर द्वारा लिखी गई एकांकी है, जो मशिम की नवमी कक्षा के सिलेबस में है। ना केवल 'रीढ़ की हड्डी' बल्कि 'अंडमान की डायरी' भी पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है। भवानी प्रसाद मिश्र द्वारा लिखित सतपुड़ा के घने जंगल भी सिलेबस में नहीं है। इससे भी सवाल पूछे गए।

परीक्षा देकर निकले छात्रों ने बताया कि उन्हें जो सिलेबस दिया गया था और जो किताबें उपलब्ध कराई गई थी, उसके आधार पर ही उन्होंने पढ़ाई की है। जो प्रश्न पूछे गए, उनका या उससे संबंधित टॉपिक का पाठ्यक्रम में कहीं भी जिक्र नहीं था। कई छात्रों ने तुक्का मारते हुए इनके उत्तर दिए तो कुछ छोड़कर ही आ गए। 12वीं की परीक्षाएं 26 मार्च से 21 अप्रैल तक चलेंगी। जबकि 10वीं की परीक्षाएं 27 मार्च से शुरू होकर 17 अप्रैल को समाप्त होगी।

### 'सतपुड़ा के घने जंगल' और 'अंडमान की डायरी' भी पाठ्यक्रम में नहीं, इससे भी आए सवाल



### विकल्प के दोनों ही सवाल बाहर से

*प्रश्नपत्र 100 अंकों का था। अति लघु उत्तरीय सवालों से लेकर लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय सवाल भी सिलेबस के बाहर से पूछे गए हैं। पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित संबंधित सवाल में सतपुड़ा के घने जंगल कविता का एक अंश दिया गया है। इस प्रश्न में 5 अंक निर्धारित थे। अधिक अंक वाले प्रश्न पाठ्यक्रम के बाहर से पूछे जाने के कारण छात्र अधिक चिंतित नजर आए। वहीं शिक्षकों का कहना है कि ओपन स्कूल वाले बच्चे घर में रहकर पढ़ाई करते हैं, विद्यालय नहीं जाते हैं, इसलिए वे बहुत ही चिंतित हैं। गौरतलब है कि ओपन बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए कुछ घंटों की ही कक्षाएं संचालित की जाती हैं।*

### ऐसी कोई शिकायत नहीं

*आउट ऑफ सिलेबस सवाल पूछे जाने की कोई शिकायत हमारे पास नहीं आई है। पूरे प्रदेश में परीक्षा शांतिपूर्वक हुई है।*

*- पुष्पा साहू, सचिव, छग राज्य ओपन स्कूल*

### 10वीं-12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ, इस बार बदले गए हैं नियम

## पहली बार एक साथ लंच पर जाएंगे मूल्यांकनकर्ता

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके लिए पूरे प्रदेश में 36 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। रायपुर में दानी गर्ल्स स्कूल और जेएन पांडेय विद्यालय में उत्तरपुस्तिकाएं जांची जा रही हैं। इस बार मूल्यांकन नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। शिक्षक एक दिन में 40 उत्तरपुस्तिकाओं से अधिक का मूल्यांकन नहीं कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें प्रातः 10 बजे से दोपहर 5.30 बजे तक का समय दिया जाता है। इस बार भी यह नियम लागू है। लेकिन पूर्व में जहां मूल्यांकनकर्ता शिक्षक किसी भी समय 30 मिनट का समय भोजन अवकाश के रूप में ले सकते थे तो वहीं अब उन्हें अनिवार्य रूप से 1.30 से 2 बजे तक भोजन ग्रहण करना होगा।

शिक्षकों को 20 उत्तरपुस्तिकाएं भोजन के पूर्व और 20 उत्तरपुस्तिकाएं भोजन के बाद जांच के लिए दी जाएंगी। शिक्षकों मोबाइल फोन रखने, ▶▶| शेष पेज 15 पर



### जोड़-घटाने पर ध्यान देने निर्देश

पहले दिन मूल्यांकन के पूर्व माशिम अध्यक्ष रेणु पिल्ले ने मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राधिकारी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिशा-निर्देश दिए। शिक्षकों को अंकों के जोड़-घटाने का विशेष रूप से ध्यान रखने कहा गया है ताकि किसी तरह की कोई त्रुटि परिणाम में ना हो। अप्रैल के प्रथम पखवाड़े तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। परिणाम मई के पहले पखवाड़े में घोषित कर दिए जाएंगे। गौरतलब है कि दसवीं की परीक्षा में 3 लाख 30 हजार और बारहवीं की परीक्षा में 2 लाख 40 हजार छात्र शामिल हो रहे हैं।

**आज ही करना होगा ज्वाइन**

## तबादले के बाद ज्वाइन नहीं करने वाले राप्रसे के 11 अधिकारी एक तरफा कार्यमुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने तबादले के बाद ज्वाइन न करने पर बड़ा फैसला लेते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के 11 अधिकारियों को एकतरफा कार्यमुक्त कर दिया है। 3 जनवरी, 17 जनवरी और 23 जनवरी को राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला किया था। इनमें से तीन महीना गुजर जाने के बाद भी 11 अधिकारियों ने अपने नए कार्यस्थल पर ज्वाईनिंग नहीं दी थी। इनमें स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के पीएस संजय मरकाम भी शामिल हैं।

- राज्य सरकार ने ज्वाइन न करने पर लिया बड़ा फैसला

राज्य सरकार को इस बारे में शिकायत मिली तो आज सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी 11 अधिकारियों को एक तरफा रिलीव कर दिया।

सामान्य प्रशासन विभाग ने अपने आदेश में लिखा है कि नवीन पदास्थापना स्थल पर ज्वाईनिंग कर अनिवार्य रूप से विभाग को सूचित करें। रिलीव होकर अफसरों को नई पदस्थापना में 27 मार्च तक ज्वाइन करना होगा।

जिन अधिकारियों को एक तरफा कार्यमुक्त किया गया है उनमें प्रकाश चंद्र कोरी सामान्य प्रशासन विभाग से उप संचालक खेल एचं युवक कल्याण विभाग रायपुर, भूपेंद्र अग्रवाल अपर कलेक्टर बालौदाबाजार-भाटापारा, संजय कुमार मरकाम ओएसडी स्वास्थ्य मंत्री को संयुक्त कलेक्टर सूरजपुर, अमित कुमार श्रीवास्तव डिप्टी कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज को जशपुर, रूचि शार्दुल डिप्टी कलेक्टर कोरबा को कबीरधाम, नीरनिधि नंदेहा डिप्टी कलेक्टर जांजगीर-चांपा को बलरामपुर-रामानुजगंज, आकांक्षा नायक डिप्टी कलेक्टर कबीरधाम को कोंडागांव, पीयूष तिवारी डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर को धमतरी, अपूर्व प्रियेश टोप्पो उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर, अपर कलेक्टर रायगढ़, वेदनाथ चंद्रवंशी क्षेत्रीय उपायुक्त भू-अभिलेख बिलासपुर को डिप्टी कलेक्टर बलरामपुर रामानुजगंज, नेहा भेडिया उपायुक्त भू-अभिलेख नया रायपुर को डिप्टी कलेक्टर गरियाबंद में पदस्थ किया गया था।

## 108 एंबुलेंस सेवा वाली कंपनी का कार्यकाल खत्म अब नए टेंडर की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासन की संवेदनशील निःशुल्क 108 संजीवनी एंबुलेंस सेवा के प्रदेश की सड़कों पर दौड़ते पांच साल पूरे हो चुके हैं। इसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग में उच्च स्तर पर नए टेंडर की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। जय अंबे इमरजेंसी सर्विस (जेएईएस) 300 नयी एबुलेंस के साथ इस सेवा का संचालन कर रही है। उसके द्वारा एडवांस लाइफ स्पोर्ट वाली एंबुलेंस के साथ शासन से मिली 28 गाड़ियों का उपयोग भी किया जा रहा है।

- अभी जेएईएस कर रही 300 नयी एंबुलेंस के साथ निशुल्क सेवा का संचालन

वर्ष 2019 में जेईएएस को इस महत्वपूर्ण सुविधा के संचालन की जिम्मेदारी मिली थी। इसके पूर्व जीवीके द्वारा शासन से उपलब्ध कराए गए वाहनों के माध्यम से लोगों को गंभीर स्थिति में अस्पताल पहुंचाने का काम किया जा रहा था। दस साल से ज्यादा समय से उपयोग की वजह से वाहन कंडम हो गए थे। ▶▶| शेष पेज 15 पर

### सरकारी एंबुलेंस खराब हो चुकी

*संबंधित कंपनी द्वारा नयी एंबुलेंस लाने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपनी पुराने वाहनों की तरफ ध्यान देना छोड़ दिया था। विभागीय लापरवाही के वजह पुरानी 108 एंबुलेंस को विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में खड़ा कर दिया गया और सभी पड़े-पड़े कंडम हो गए। इन एंबुलेंस के इंजन सहित जरूरी हिस्से गायब हो गए और ढांचा बाकी रह गया। कुछ एंबुलेंस पर असमाजिक तत्वों की नजर पड़ी जिन पर आग लगाकर उन्हें स्वाहा कर दिया गया।*

### दूरस्थ इलाकों में शिकायत भी

*108 एंबुलेंस सेवा के नोडल अफसर डॉ. डीके तुर्रे का कहना है कि संबंधित एजेंसी का अनुबंध पूरा हो चुका है। टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पांच साल उपयोग से किसी वाहन को कंडम नहीं कहा जा सकता। निशुल्क एंबुलेंस सेवा सही समय पर नहीं मिलने की शिकायत भी दूरस्थ इलाकों से आती रहती है। दूरस्थ अंचलों में मोबाइल नेटवर्किंग, पहुंच विहीन मार्ग के साथ एंबुलेंस और जरूरतमंद के लोकेशन के बीच की लंबी दूरी भी इसकी वजह बनती है।*

## तेज गर्मी के साथ होगी नवरात्रि की शुरुआत, अप्रैल में बन सकते हैं ग्रीष्म लहर के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार चैत्र नवरात्रि में गर्मी अपना तेज असर दिखाएगी। राज्य में गर्मी बढ़ने की शुरुआत हो चुकी है और महीना बीतते तक राज्य का अधिकतम पारा 40 डिग्री के पार होने की उम्मीद है। बुधवार को राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 41, बिलासपुर 39 और रायपुर 38.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।



मौसम विशेषज्ञों की माने तो अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में राज्य में ग्रीष्म लहर के हालात बन सकते हैं। अभी मौसम को प्रभावित करने वाला कोई बड़ा सिस्टम नहीं है जिसकी वजह से गर्मी बढ़ते दौर में रहने के आसार है। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से होने वाली है और उस वक्त राज्य में तेज गर्मी रह सकती है। बुधवार को प्रदेश के अधिकतम तापमान में एक से डिग्री की बढ़ोतरी देखी गई।राजधानी में भी तेज गर्मी ने अपना असर दिखाया और दोपहर चल रही हवाओं के गर्म होने का अहसास हुआ। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव, बिलासपुर, रायपुर, कोरिया, जीपीएम, ▶▶| शेष पेज 15 पर

## खुले में कचरा फेंक नहीं सकते, नाली, तलाब में नहीं डाल सकते न ही गड़ा सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को केंद्र सरकार के एक निर्देश के हवाले से कड़े निर्देश दिए हैं। कहा गया है कि कचरे को गली, खुले सार्वजनिक स्थानों, नाली या जलाश्यों में नहीं फेंका जाएगा। कचरे को कोई जलाएगा भी नहीं और न ही गाड़ेगा।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक द्वारा इस संबंध में जारी निर्देश में कहा गया है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तम मंत्रालय द्वारा जारी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम लागू है। खुले सार्वजनिक स्थलों में अपशिष्ट जलाए जाने से पर्यावरण प्रदूषण की स्थिति बनती है। इसी नियम के तहत स्थानीय निकायों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

### नगरीय प्रशासन ने निकाय प्रमुखों को दिए निर्देश



### कचरा फैलाने वालों के लिए निर्देश

संचालक ने कहा है कि निकायों की ये जिम्मेदारी है कि वे अपशिष्ट उत्पादन करने वालों को निर्देश देना है कि कूड़ा करकट न फैलाएं। या कागज पानी की बोतले, पेय पदार्थों के केन, ट्रेटा पैक, फलों के छिलके, रैपर आदि या सड़क खुले सार्वजनिक स्थान नालों पर न जाएं। कुंड में न फेकें या उनका निपटान न करें। इसके साथ ही नियमों के तहत ठोस अपशिष्ट को अलग-अलग करें। और अलग किए गए कचरे को स्थानीय निकाय द्वारा कचरा चुनने वाले अपशिष्ट संग्रहकर्ताओं को सौंप दें।

### प्रतिबंधित जगह पर कचरा जलाने वालों पर क्या कार्रवाई हुई?

### सवा साल का मांगा हिसाब

*नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने केवल निर्देश ही नहीं दिए हैं बल्कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नियमों का पालन करते हुए जनवरी 2024 से अब तक यानि सवा साल में इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है ये भी बताएं। निकायों को यह जानकारी देनी है कि अपशिष्ट उत्पादनकर्ताओं द्वारा प्रतिबंधित स्थलों पर कचरा जलाए जाने के कितने प्रकरण पंजीबद्ध किए है। इन लोगों पर कितनी राशि का जुर्माना लगाया गया है और इन लोगों ने कुल कितनी राशि जमा करवाई है।*

## संगठन के कथित अध्यक्ष के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर अपराध दर्ज किया**

कुनबी समाज के नाम से कुनबी समाज का पदाधिकारी बन कर भवन कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अंकिता यदु ने ठगी का अपराध दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने देवराज पारधी, पुरुषोत्तम टोंडरे तथा श्याम देशमुख के खिलाफ अपराध दर्ज करने तथा बैंक अकाउंट फ्रीज करने आदेश जारी किया है। मामले की पैरवी करने वाले रायगढ़ के वकील अशोक कुमार तथा आशीष कुमार मिश्रा ने बताया है कि सतीश रावते, विजय बेंद्रे, रामेश्वर नाकतोड़े के आवेदन पर कोर्ट ने अपराध दर्ज करने आदेश दिया है। वकील के अनुसार देवराज तथा उसके दो अन्य सहयोगियों ने कुनबी समाज के भवन का ताला तोड़ कर भवन पर कब्जा कर लिया और चंदा एकत्रित कर रहे थे। इस ▶▶| शेष पेज 15 पर

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें**

**9827555678, 8224868411**

## खबर संक्षेप

### परसुलीडीह में मानस स्पर्धा व मड़ई आज

**अभनपुर।** ग्राम परसुलीडीह मे प्रतिवर्ष के अनुसार दो दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता एवं मंडई मिलन समारोह का आयोजन 29 व 30 मार्च को रखा गया है। पूर्व सरपंच घनश्याम यादव ने बताया कि मानसगान प्रतियोगिता मे अंचल के साथ साथ प्रदेश के विभिन्न स्थानो से ख्याति प्राप्त मानस मंडली अपनी प्रस्तुति देगी वही रात्रिकालिन मोर मयारू नाचा पार्टी अपनी प्रस्तुति देगी।

### पाहंदा के माता कर्मा जंयती आज

**अभनपुर।** ग्राम साहू समाज पाहंदा के तत्वाधान मे माता कर्मा जंयती का आयोजन 27 मार्च को रखा गया है। एसकुमार साहू ने जानकारी देते बताया कि जंयती कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक इन्द्रकुमार साहू शामिल होगे वही तहसील साहू संघ,साहू समाज के पदाधिकारी एवं जिला पंचायत सदस्य ,जनपद पंचायत,ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि कार्यक्रम मे विशेष रूप से अतिथि के रूप उपस्थित रहेगे। इस मौके पर रात्रिकालिन कार्यक्रम पावन गंगा पंडवानी गायन भवानीपुर एवं एकता फाग मंडली बकली की प्रस्तुती होगी।

### हरदिहा पटेल समाज का वार्षिक अधिवेशन कल

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू में हरदिहा पटेल (मरार) समाज रायपुर राज कुंरा परिक्षेत्र का एक दिवसीय 72 वां वार्षिक अधिवेशन 28 मार्च दिन शुक्रवार को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंक राम वर्मा राजस्व एवं खेल मंत्री होंगे। अध्यक्षता मुन्नालाल पटेल अध्यक्ष हरदिहा पटेल समाज रायपुर राज करेंगे। विशिष्ट अतिथि शैल कुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य रायपुर, देवेंद्र वर्मा जनपद सदस्य तिल्दा, नंदू साहू सरपंच ग्राम पंचायत सड्डू, टाकेश्वर निर्मलकर उप सरपंच सड्डू आदि होंगे।

### पीआईसी में रेलवेलाइन पार पार्षदों का दबदबा

**तिल्दा नेवरा।** नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने अपने पीआईसी का गठन किया है जिसमें रेलवे लाइन के उस पार के सभी भाजपा पार्षदों को पीआईसी का प्रमुख बनाकर दायित्व सौंपा गया है। जल कार्य विभाग वार्ड 20 के पार्षद संतोष यदु को दिया गया है। आवास एवं पर्यावरण का कार्य प्रमुख वार्ड 2 के पार्षद विनोद नेताम।को दिया गया। इसी तरह से स्वास्थ्य,चिकित्सा विभाग एवं शिक्षा विभाग का दायित्व वार्ड 21 को पार्षद रानी सौरभ जैन को दिया गया है। विधि व सामान्य प्रशासन विभाग पार्षद राजकुमार गेंदें को दिया गया है। महिला एवं।बाल कल्याण विभाग वार्ड 22 के पार्षद ग्वालिन बाई कोसले को दिया गया है। वहीं राजस्व विभाग, लोकनिर्माण विभाग , बाजार विभाग का दायित्व वार्ड 1 के पार्षद ईश्वर यदु को दिया गया है।

अपराध : त्रिकोणी प्रसंग के कारण हुई हत्या

# मोहंदी हत्याकांड की गुत्थी सुलझी एक अपचारी समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

■ प्रेम प्रसंग के चलते युवती की हत्या हुई

विगत 23 मार्च को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना धरसींवा क्षेत्रांतर्गत ग्राम मोहंदी स्थित एक खेत में एक महिला का शव सड़ा-गला व अर्धनग्न अवस्था में पडा है जिसे कुत्ते नोंचकर खा रहे थे। सूचना पर तत्काल थाना धरसींवा पुलिस एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल पहुंचकर शव एवं घटना स्थल सहित आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर थाना धरसींवा में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतिका के गर्दन में धारदार एवं नुकीली वस्तु से मारकर चोट पहुंचाने के साथ ही गला दबाने से मृत्यु होना बताया गया था जिसके साथ पुलिस ने जांच शुरू किए। जिसमे पूरा मामला एक अपचारी बालक के साथ






प्रेम प्रसंग का निकला जिसमे पुलिस ने एक अपचारी बालक सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किए है और इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा लिए। मृतिका की पहचान सरिता यादव पति लोकेश्वर यादव (24) निवासी ग्राम खौली थाना खरोरा रायपुर के रूप में की गई है।

अपचारी बालक से पूछताछ करने पर वह बार - बार अपना बयान बदलकर लगातार टीम के सदस्यों को गुमराह करने का प्रयास करता था। तकनीकी विश्लेषण के दौरान अपचारी बालक एवं मृतिका की उपस्थिति देर रात्रि लगातार एक स्थान पर होना पाया गया, कि प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर बालक द्वारा अपने साथी समीर निषाद उर्फ भूरू एवं कोमल धीवर के साथ मिलकर मृतिका सरिता यादव की हत्या की घटना को अंजाम देना स्वीकार किये।

### त्रिकोणी प्रेम बना हत्या का कारण

अपचारी बालक ने बताया कि उसका मृतिका सरिता यादव के साथ पूर्व से प्रेम संबंध था। इसी दौरान मृतिका द्वारा किसी अन्य व्यक्ति से बात करने की जानकारी अपचारी बालक को होने से 20 मार्च को उसका मृतिका के साथ विवाद हुआ था। जिस पर बालक ने सरिता यादव की हत्या करने की योजना बना डाली और अपनी योजना में अपने साथी समीर निषाद उर्फ भुरू एवं कोमल धीवर को शामिल किया। 20-21 मार्च की दरम्यानी रात्रि सरिता यादव को अंतिम बार मिलने बुलाया तथा वह अपने साथी समीर निषाद उर्फ भूरू एवं कोमल धीवर के साथ मृतिका के घर बाहर गया। मृतिका अपने घर से बाहर आयी तो अपचारी बालक तथा समीर निषाद उर्फ भूरू दोनों उसे अपने मोटर सायकल में बैठाकर घटना स्थल धरसींवा क्षेत्रांतर्गत ग्राम मोहदी के सूनसान स्थान के एक खेत में ले जाकर पूर्व से अपने पास रखें स्टील का धारदार नुकीली चम्मच से मृतिका सरिता यादव के गर्दन में मारकर चोट पहुंचाने के साथ ही उसकी गला दबाकर हत्या कर दिये तथा भाग गये एवं दोनों मृतिका के मोबाईल फोन को ले जाकर आरोपी कोमल धीवर को दे दिये थे।

### गिरफ्तार आरोपी

समीर निषाद उर्फ भुरू पिता स्व. नीलकंठ निषाद उम्र 19 साल निवासी ग्राम मोहदी जावा मटका पारा वार्ड क्रमांक 05 थाना खरोरा जिला रायपुर ,कोमल धीवर पिता नारायण धीवर उम्र 19 साल निवासी चंदखुरी फार्म बस्ती वार्ड क्रमांक 06 थाना मंदिर हसौद रायपुर शामिल है।

# अभनपुर जनपद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

जनपद पंचायत अभनपुर मे जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया गया। इस मौके पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने अध्यक्ष चंनद्रिका बंजारे व उपाध्यक्ष खेलूराम साहू को गुलदस्ता भेंट कर दोनो को शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित लोगो को ईमानदारी व निष्ठापूर्वक क्षेत्र का विकास मे हर संभव सहयोग देने आश्वसत किया गया। पद्भार ग्रहण क रने के उपरांत सामान्य सभा की बैठक रखी गई थी जिसमे जनपद सदस्य नंदनी महेन्द्र खुटियारे,रामेश्वर निषाद, हिमांशु खरे,रानी सोनवानी,ओमप्रकाश साहू, श्रीमति तनु महेश साहू, हेमलता विनोद चन्द्राकर, सारिका गोवर्धन साहू,चंचल राजा दिवान, संतराम साहू,श्रीमति रानू दिलीप बंजारे,कमल राम तारक,धनेश्वरी मेला राम डांडे,श्रीमति सविता ताराचंद साहू,राजेश्वरी धुरव,श्रीमति कुंतीलखन साहू,वर्षा संतोष मिश्रा, चित्ररेखा दीपक तारक,संजीव गिरी गोस्वामी, विवेक तिवारी, ब्रम्हानंद साहू, श्रीमति निशा कल्ला, मेनका पटेल आदि जनपद सदस्यो ने भाग लिया।

अधिकारी कर्मचारी एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियो का परिचय के साथ ही अपने अपने क्षेत्र मे विकास कार्य के संबंध मे चर्चा की गई। इस अवसर पर सीईओ राजेन्द्र पाण्डेय ने सभी प्रतिनिधियो को बधाई देते कहा कि शासन की सभी योजनाओ के क्रियान्वयन मे सहयोग करने आश्ववत किया। शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर जितेन्द्र बंजारे,राघवेन्द्र साहू, मुकेश ढीढी ,बसंत कोसले,राजा दीवान आदि लोग मौजूद रहे।

# पीपला ने पशुओं के लिए चौराहों पर रखे जलपात्र

**आरंग।** मंगलवार को कर्मा जयंती के अवसर पर पीपला फाउंडेशन ने भक्त माता कर्मा की प्रतिमा के समीप पशुओं के लिए जलपात्र रखकर नगर व क्षेत्रवासियों को माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दिए। वहीं कालेज चौंक सहित नगर के विभिन्न चौंक चौराहों पर जलपात्र रखकर लोगों से मूक पशुओं के लिए जलदान की अपील किए।



फाऊंडेशन के संयोजक महेन्द्र पटेल ने बताया जलदान महाअभियान पहल की सर्वत्र सराहना हो रही है। जलपात्र रखते ही लोग बड़े उत्साह से पशुओं के लिए पानी भर रहे हैं। वार्ड नं 16 बैहार की पार्षद सेवती तोषण साहू ने स्वयं जलदान कर लोगों को जलदान महाअभियान मुहिम में सहयोग करने की अपील की। अब नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भी मूक पशुओं के लिए जलपात्र की मांग होने लगी है। लोग इस नेक कार्य के लिए स्वप्रेरित होकर सहयोग करने लगे हैं।

# द साइलेंट क्राइसेस पुस्तक का गुरु खुशवंत ने किया विमोचन

**आरंग।** लेखक डॉ. अजय कुमार वर्मा के द्वारा लिखी हुई पुस्तक **The Silent Crisis: Conservation Efforts for Endangered Plants in India**" का विमोचन आरंग वुधायक गुरु खुशवंत साहेब द्वारा किया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि आरंग विधायक, गुरु खुशवंत साहेब गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग, उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण ने पुस्तक विमोचन की प्रक्रिया की और रिबन काटने के बाद लेखक को पुस्तक की पहली प्रति भेंट दी। लेखक ने अपनी किताब पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस पुस्तक का उद्देश्य भारत में लुप्त प्राय पौधों की



प्रजातियां के बारे में जागरूकता फैलाना है। मुख्य अतिथि ने भी लेखक की मेहनत की सराहना की और पुस्तक के महत्व पर चर्चा की। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने लेखक को शुभकामनाएँ दी और इस किताब को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम शिक्षाविद डॉ. कमल पटेल , डॉ. थानेश्वर गिरि एवं मोहित राम यादव एवं अन्य उपस्थित रहे।

# आरंग जपं सरपंच संघ के अशोक अध्यक्ष बने

**चंदखुरी।** आरंग जनपद पंचायत सभागार हाल में नव निर्वाचित सरपंचों का बैठक 26 मार्च को रखा गया जिसमें सरपंच संघ अध्यक्ष का सर्व सहमति से चयन किया गया जिसमें बहना काड़ी सरपंच अशोक बंजारे को सभी सरपंचों ने एक मत एक सहमति होकर अपना अध्यक्ष चुना और गुलाल लगाकर स्वागत किया इससे पहले बैठक में उपस्थित सभी सरपंचों ने बारी बारी से अपनी बात रखा और सरपंच संघ की एकता मजबूती के लिए कार्य करने एक होकर एक साथ सभी मुद्दों पर एक आवाज से आवाज उठाने की बात



रखी। अशोक बंजारे नव निर्वाचित अध्यक्ष सरपंच संघ ने सभी सरपंच गणों को सभागार में संबोधित करते हुए कहा कि आज जिस तरह आप सभी जनता से चुने हुए जनप्रतिनिधि गण सरपंचों ने मुझ छोटे से कार्यकर्ता को आप सभी का आवाज उठाने विकास कार्य में सहयोग करने के लिए मुझे अध्यक्ष के रूप में चुना है उसके लिए आप सभी का आभार धन्यवाद आप सभी के विश्वास को आगे बढ़ाते हुए मै आप सभी के सहयोग सलाह के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा किसी भी मुद्दों को बिना किसी भेदभाव के उठाऊंगा जिसमें आप सभी सरपंचों का साथ और सहयोग रहेगा सभागार में सभी सरपंचों ने नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक बंजारे को गुलाल लगाकर गले मिलकर बधाई दिया और पूरे जनपद पंचायत कार्यालय में लड्डू बांटा गया श्री अशोक बंजारे जी के अध्यक्ष बनने पर पूरे सरपंचों में हर्ष दिखाई दिया

# सचिव संघ ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ

**आरंग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आव्हान पर जनपद पंचायत आरंग के ब्लॉक इकाई आरंग के सचिव संघ द्वारा कर्मा माता जयंती के अवसर पर धरना स्थल में विष्णु देव सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए हवन यज्ञ किया गया। ज्ञात हो कि सचिव संघ के एक सूत्रीय मांग 2 वर्ष परीक्षा अवधि समाप्ति बाद शासकीयकरण करने 2023 के विधान सभा चुनाव में भाजपा द्वारा मोदी की गारंटी में शामिल कर वादा किया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री द्वारा मोदी की गारंटी अंतर्गत सचिव के शासकीयकरण करने के लिए 16 जुलाई 2024 को कमेटी बनाया गया जिसका रिपोर्ट 30 दिन के भीतर सौंपने का निर्देश माननीय मुख्यमंत्री



द्वारा दिया गया था। जिसमें आज तक कोई निर्णय नहीं होने से सचिव संघ अनिश्चित कालीन हड़ताल में बैठे है एवं इसी कड़ी में 1 अप्रैल 2025 को सचिवों द्वारा मंत्रालय का घेराव करेंगे। सद्बुद्धि कार्यक्रम में सचिव संघ के अध्यक्ष हरमोहन बांधे, जोहत धीवर, गोपाल चंद्राकर, लवी गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, पुष्पा गोस्वामी, गायत्री शर्मा, कल्याण डहरिया, पुनेश्वरी साहू, ईश्वरी देशलहरे, गोवर्धन साहू, धरम बंजारे, यशवंत कन्नौजे, रामाधार रातें, गंगा साहू, नील साहू, कुलेशर देवदास, कमलेश बंजारे सहित समस्त सचिव उपस्थित रहे।



संकलनकर्ता : डागेश यादव, हरिभूमि एवं INH न्यूज संवाददाता, चंदखुरी, मो. 9575833192

# संत शिरोमणि मां कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई

**सिलयारी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम सिलयारी में तैलीय वंश की देवी संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता की जयंती धूमधाम से साहू समाज सिलयारी के द्वारा मनाई गई। माता कर्मा सेवा, त्याग और समर्पण की देवी है ।सभी समाज एवं मानवजाति के लिए प्रेरणा की देवी है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम माता की आरती कर कलश यात्रा शोभायात्रा नगर भ्रमण के निकाली गई। तत्पश्चा छत्तीसगढ़ के दुलवरीन बेटी मालती निषाद'' सिया के राम'' मानस परिवार का



कार्यक्रम हुआ। साथ में अतिथियों का स्वागत एवं भाषण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष शकुंतला ढीलेंद्र सेन जी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरोज चंद्रवंशी जी,साहू समाज जिला के पूर्व अध्यक्ष श्री केजूराम साहू जी ,साहू समाज परीक्षेत्रीय अध्यक्ष श्री होरीलाल साहू जी ,भैरव बाबा ट्रस्ट धाम के अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू जी, कृषि साख समिति के अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार वर्मा जी ,जनपद सदस्य विजय साहू जी ,सरपंच श्रीमती रुखमणी साहू जी, उपसरपंच गजेंद्र साहू जी आदि की उपस्थिति थे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**
**संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील- धरसीवा प.ह.न.-00003 कूंरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440716400056**

**// ईश्तहार //**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम कूंरा के वर्तमान भूमिस्वामी मोह. अय्यूब पिता मोह. याकूब पिता/पति - ताराबी पति मोह. याकूब पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 643/6 (0.4090), 696 (0.5710), 1007 (0.1010), 1407 (0.1340), 1190(0.0280), 231/1 (1.1690), 643/3 (0.1980) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सलीम खान, मो. हफीज खान, मो. रशीद खान पिता/पति स्व. इमदाद खान पता- निवासी नेहरू नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. श्रीमती तलत परवीन पिता/पति स्व फिरोज खान पता निवासी धरम नगर धमतरी रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग., मोहम्मद फरहान खान पिता/पति मोहम्मद फिरोज खान पता- निवासी नेहरू नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग., मो. रफिक खान पिता/पति-स्व. इमदाद खान पता- निवासी धरम नगर धमतरी रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग., मोह. अय्यूब पिता मोह. याकूब पिता/पति- ताराबी पति मोह. याकूब पता-सा देह के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/03/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा**

# शैक्षणिक योजनाओं को समय सीमा पर अधिकारी पूरा करें : डीईओ खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

बुधवार को विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन अपरान्ह वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल के शैक्षिक हाल में किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर डॉ विजय खंडेलवाल ने शासन की महत्वपूर्ण योजना जाति प्रमाण पत्र एवं अपार आईडी बनाने को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए यू डाइस, केंद्रीयकृत परीक्षा, मूल्यांकन प्रोसेस, छात्रवृत्ति, स्वच्छता एवं एफएलएन प्रोग्रेस तथा प्रायोजना, शौचालय, भवन की स्थिति एवं आगामी समर कैंप गतिविधि पर भी फोकस किया तथा संस्था प्रमुखों को टालने की प्रवृत्ति से बचते हुवे



नैतिक जिम्मेदारी के लिए प्रेरित करते हुए दार्शनिक अंदाज में कहा कि इंजन पटरी पर न दौड़ें तो क्या डब्बे पटरी पर दौड़ पाएंगे। उन्होंने शासन की सभी योजनाओं को समय सीमा पर पूरा करने के निर्देश देते हुए आह्वान किया की नई पीढ़ी को शैक्षिक विकास की दिशा में स्मार्ट बनाएं। वही विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने विकास खंड के स्कूलों की बिंदुबार आंकड़े सहित जानकारी उपलब्ध कराते हुए सब का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की संकल्प शक्ति से दुविधा की बेड़िया कट जाती है तथा निरंतर कार्य करने से लक्ष्य प्राप्ति आसान होती है और कार्य योजना एवं समय नियोजन का महत्व समझाते हुए सफलता के कई टिप्स दिए। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, नोडल प्राचार्य श्री राम बंडारू सहित 50 प्राचार्यगण, 120 पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक एवं 212 प्राइमरी प्रधान पाठकगण उपस्थित थे ।

# उपार्जन केंद्रों में अभी भी 7.41 लाख मीट्रिक टन धान बाकी, सूखत बढ़ना तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी समाप्त होने के करीब दो महीने पूरे होने के बाद भी अब तक राज्य के कई जिलों के उपार्जन केंद्रों से धान का परिवहन (उठाव) नहीं हो पाया है। 26 मार्च की स्थिति में राज्यभर में 7 लाख 41 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान जमा है।

जानकारों का कहना है कि खरीदी के दो महीने बाद से धान खुले में पड़ा है और धूप की वजह से धान सूखने से वजन कम होना तय है। दूसरी ओर मार्कफेड के अधिकारियों का कहना है कि धान उठाव तेजी से किया जा रहा है। जल्द सोसायटियों से पूरा धान उठा लिया जाएगा। राज्य में खरीफ वर्ष 2024-25 में कुल मिलाकर 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो गई है। धान बेचने वाले किसानों को धान की पूरी कीमत भी मिल चुकी है। लेकिन अब मामला धान खरीदने वाली सोसायटियों पर जा पंहुचा है। खरीदी बंद होने के करीब दो महीने बाद भी उपार्जन केंद्रों से धान का परिवहन नहीं हो पाने से सोसाटियों की यह परेशानी बढ़ी है कि तेज धूप और गरमी की वजह से धान में सूखत बढ़ जाएगी और इसकी जिम्मेदारी और घाटा सोसायटियों के हिस्से में आएगा।

- जांजगीर जिले में उठा है सोसाइटियों का पूरा धान
- बाकी सभी जिलों में मौजूद है अलग-अलग मात्रा



सभी जिलों में जमा है धान

### 33 जिलों की 2 हजार 739 उपार्जन केंद्रों ने खरीदी था धान

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 2 हजार 739 उपार्जन केंद्र राज्य भर के 33 जिलों में बनाए गए थे। मौजूदा स्थिति में जिलों में धान उठाव की स्थिति देखी जाए तो केवल जांजगीर चांपा ही ऐसा जिला है जहां उपार्जन केंद्र में जमा धान की मात्रा शून्य है। बाकी सभी जिलों के उपार्जन केंद्रों में धान खाद्य विभाग और मार्कफेड के रिकार्ड में नजर आ रहा है। इनमें बस्तर संभाग के सभी जिले, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और सरगुजा संभाग के जिलों में धान की अलग-अलग मात्रा मौजूद है।

### नम धान खरीदी गया, उठाव होने तक सूखा

धान खरीदी के समय उस धान को खरीदा जाता है जिसमें नमी की मात्रा न्यूनतम 17 प्रतिशत होती है। खरीदी के बाद यह धान उपार्जन केंद्रों में पड़ा होने के कारण धूप में सूखता है, इसकी वजह से धान की मात्रा वजन में कम हो जाती है। जानकारों के मुताबिक सूखत से धान में एक प्रतिशत तक की कमी मान्य की जाती है। लेकिन सूखत का लाभ मार्कफेड को मिलता है। सोसाटियों में अगर एक प्रतिशत से अधिक धान सूखता है तो उन्हें सूखत के लिए जिम्मेदार माना जाता है। धान का स्टॉक जमा होने के संबंध में मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने कहा कि सोसायटियों से धान का उठाव तेजी से किया जा रहा है। जल्द ही पूरा धान उठवा लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप




### लोककर्म विभाग अध्यक्ष ने ली बैठक

**रायपुर।** नगर निगम के लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने बुधवार को गांधी सदन में विभाग के अभियंताओं की पहली परिचयात्क बैठक ली। इस मौके पर श्री जायसवाल ने निगम के विभिन्न विकास और निर्माण योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी लेकर विकास कार्यों की सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अभियंताओं को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने प्रतिदिन साइट विजिट अनिवार्य रूप से करने की हिदायत दी। बैठक में अपर आयुक्त विनोद पांडे, मुख्य अभियंता यूके धलेंद्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े सहित विभाग के सहायक अभियंता और उपअभियंता मौजूद रहे।

### दुकानों के बाहर निर्मित सेटबेक हटाये

**रायपुर।** जोन 5 अमले ने विप्र भवन परिसर के सामने नाली पर निर्मित 8 अवैध पाटों को तोड़ा, 4 दुकानों के बाहर निर्मित सेटबेक हटाये। सफाई में बाधक बन रहे अवैध पाटों को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़कर नाली सफाई करवायी दुकानों के बाहर बनाये गये सेटबेक हटाकर दुकानदारों पर 30 हजार जुर्माना किया गया।

### देश का प्रकृति परीक्षण छत्तीसगढ़ पूरे देश में तीसरा



**रायपुर।** अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली के तत्वावधान में मुंबई में देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के प्रथम चरण का समापन समारोह मनाया गया। केंद्रीय आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव के मुख्य आतिथ्य में मुंबई के जहांगीर भाभा थियेटर में समापन समारोह का आयोजन किया गया था । अभियान के पहले चरण में स्ट्राइक रेट के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य को पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त होने पर प्रशस्ति पत्र और ट्राफी से सम्मानित किया गया। यह सम्मान, अभियान के राज्य समन्वयक एवं छ.ग. आयुर्वेदिक, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद रायपुर के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला ने प्राप्त किया।

### सामान्य सभा की बैठक कल

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर की सामान्य सभा बैठक 28 मार्च को प्रातः 11 बजे से गांधी सदन के सामान्य सभागार में आयोजित है। इस बैठक में एजेंडा के अलावा नगर निगम का बजट प्रस्तुत किया जायेगा। सभापति सूर्यकांत राठौर के आदेश पर सामान्य सभा की बैठक बुलाई गई है।

### आटो महासंघ ने चार जोन में बांटने का किया विरोध

**रायपुर।** रायपुर आटो महासंघ द्वारा आटो ई-रिक्शा को रायपुर में चार जोन में बांटने का कड़ा विरोध किया है। महासंघ की बैठक में सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में यातायात पुलिस की इस योजना को सिरे से खारिज करते हुए ऐसी किसी भी योजना का विरोध किया है और कहा है कि इस योजना से आटो चालकों का व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित होगा।

## सीबीआई छापे से राज्य में सियासत गरमाई

# सीबीआई छापे पर टीएस बोले- राजनीतिक द्वेष साव ने कहा- राजनीति के आधार पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन बेटिंग केस में सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई और रायपुर स्थित घर के साथ एक दर्जन से अधिक लोगों के यहां जांच की कार्रवाई की। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने सीबीआई छापे को राजनीतिक द्वेष की भावना से की जा रही कार्रवाई बताते हुए कहा, भाजपा ने लोकतंत्र का हनन किया है। कांग्रेस के आरोपों पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां स्वतंत्र एजेंसियां हैं और वे कभी भी राजनीति के आधार पर कार्रवाई नहीं करतीं। यह जांच का हिस्सा है।

बुधवार को तड़के सीबीआई छापे की जानकारी आने के बाद कांग्रेस नेताओं में खलबली मच गई। सीबीआई की टीम छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में 60 स्थानों पर तलाशी लेने की बात कह रही है। इसमें राजनेताओं, वरिष्ठ नौकरशाहों, पुलिस अधिकारी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में 14 जगहों पर कार्रवा ई की जा रही है। ईडी के बाद सीबीआई की जांच को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सोशल मीडिया में अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्रवाई से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन भी किया।


पूर्व सीएम भूपेश, आधा दर्जन पुलिस अफसर कर्मी और करीबियों पर सीबीआई के छापे

### यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध के चलते : सुशील

भूपेश बघेल के घर पर की गई सीबीआई की कार्रवाई पर कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध के चलते की गई है

### अब सीबीआई आई है : भूपेश



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया में कहा कि आगामी 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद (गुजरात) में होने वाली एआईसीसी की बैठक के लिए गठित "ड्राफ्टिंग कमेटी" की मीटिंग के लिए आज दिल्ली जाने का कार्यक्रम है, उससे पूर्व ही सीबीआई रायपुर और भिलाई निवास पहुंच चुकी है।

### टीएस ने बताया राजनीतिक द्वेष

भूपेश बघेल के घर सीबीआई के छापे पर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने इसे निंदनीय बताया। एक्स पर पोस्ट कर सिंहदेव ने लिखा,



ये केवल भूपेश की छवि को खराब करने की भाजपा की नाकाम कोशिश है। प्रदेश की भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ राज्य को चलाने में असमर्थ साबित हो रही है, इसीलिए जनता से जुड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे प्रयास कर रही है। पहले ईडी फिर सीबीआई। जांच एजेंसियों को भाजपा की बी टीम बनकर काम करने से फुर्सत ही नहीं है। राजनीतिक द्वेष की भावना से की जा रही भाजपा की यह कार्रवाई लोकतंत्र का हनन है।

### नेता प्रतिपक्ष ने की थी सीबीआई जांच की मांग : शर्मा का बयान

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने सीबीआई जांच पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



उन्होंने कहा, क्या विषय है और किस विषय पर कार्रवाई हो रही है, ये नहीं पता है। हां ये जरूर पता है कि सीबीआई कार्रवाई चल रही है। नेता प्रतिपक्ष ने खुद ही सीबीआई जांच की मांग की है। कांग्रेस के नेताओं ने खुद ही नेता प्रतिपक्ष के साथ सदन में कहा था कि कुछ विषयों पर सीबीआई जांच चाहिए। ये भी कहा था कि नहीं होने पर हम प्रधानमंत्री से भी मिलेंगे। हमने केंद्रीय एजेंसियों को विभिन्न विषयों पर जांच के लिए लिखा है।

### विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग- महंत



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव के घर पर ईडी के बाद अब सीबीआई की रेड को भाजपा की द्वेषपूर्ण राजनीति का नतीजा बताया है। उन्होंने कहा, ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी केंद्रीय एजेंसीयों का भाजपा सरकार लगातार विपक्ष के खिलाफ दुरुपयोग कर रही है।

### गलत नहीं तो जांच से डरने की आवश्कता नहीं : सिंहदेव



कांग्रेस के प्रदर्शन पर बीजेपी ने पलटवार किया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा, अगर व्यक्ति या पार्टी साफ है, तो डरने की जरूरत नहीं है। अगर किसी ने गलत नहीं किया है, तो छापे की कार्रवाई से डरने की कोई बात नहीं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कई लोगों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत तक नहीं मिल रही है, इसका कारण यह है कि वे मामले में स्पष्ट नहीं हैं। इसके विपरीत अगर आप सही हैं और आपने कुछ गलत नहीं किया है तो आपको इस तरह की जांच से डरने की आवश्यकता नहीं है। अगर किसी जांच में कुछ पाया जाता है तो उस पर उचित कार्रवाई होगी।

### सत्ता की हताशा के सिवाय कुछ नहीं



तमाम असफल छापों और नाकाम साजिशों के बाद, अब भाजपा ने सीबीआई को भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव के पीछे लगा दिया। आज सुबह से ही सीबीआई हमारे दोनों नेताओं के घर पर जमी हुई है, लेकिन ये सत्ता की हताशा के सिवाय कुछ नहीं। याद रखो न कांग्रेस झुकेगी, न कांग्रेस रुकेगी, ये लड़ाई सिर्फ नेताओं की नहीं, हर उस सच्चाई की है, जिसे सत्ता के दम पर कुचलने की कोशिश हो रही है। भाजपा याद रखे, सत्य झुकता नहीं और अन्याय का अंत निश्चित है।

### मोदी की धमकियों से कांग्रेस डरने वाली नहीं : एआईसीसी

एआईसीसी की ओर से एक्स पर प्रतिक्रिया में कहा गया कि एक बार फिर सीबीआई को को काम पर लगाया गया है। अब पूर्व मुख्यमंत्री के घर सीबीआई भेज दी गई है। साफ है कि नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार विरोधियों को धमकाने के लिए सीबीआई, ईडी, आईटी का दुरुपयोग कर रही है, लेकिन मोदी की इन गीदड़ भभकियों से कांग्रेस डरने वाली नहीं है।

## सीबीआई छापे से मचा हड़कंप, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जमकर हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप को लेकर सीबीआई टीम के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर छापे की सूचना मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। छापे की सूचना मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह आठ बजे से पूर्व मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के सामने पहुंचना शुरू हो गए।

- कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री के सरकारी निवास के सामने 11 घंटे से ज्यादा समय तक डटे रहे

हंगामा के बीच एक समय कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के अंदर घुसने में कामयाब हो गए, जिन्हें निकालने पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस टीम किसी तरह कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को भूपेश बघेल के आवास से निकालने में कामयाब हुई। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री के समर्थक भूपेश बघेल के आवास के पास पेड़ के नीचे धरने पर बैठ गए।

### स्थिति को देखते हुए पुलिस बल बुलाना पड़ा

कार्यकर्ताओं के हंगामा को देखते हुए मौके पर पुलिस का अतिरिक्त बल बुलाना पड़ गया। मौके पर उपस्थित पुलिस अफसरों ने कार्यकर्ताओं को मौके से जाने समझाने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता अपनी जिद पर अड़े रहे। सीबीआई के अफसर जब तक पूर्व मुख्यमंत्री के आवास में डटे रहे, कार्यकर्ता गेट के सामने धरने पर बैठे रहे। इसके कारण सीबीआई के अफसरों को आवाजाही मेन गेट की जगह बगल के दूसरी गेट से करनी पड़ी।

### बैग की जांच पर अड़े कार्यकर्ता

सीबीआई की एक टीम अपने साथ बैग में कुछ दस्तावेज साथ लेकर पूर्व मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पहुंची, जिसे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने देख लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को झूठे प्रकरण में फंसाने सीबीआई पर कूटरचित दस्तावेज लाने का आरोप लगाते हुए सीबीआई टीम को अंदर जाने से रोकने की कोशिश की। साथ ही कांग्रेस नेता मीडिया के सामने दस्तावेजों की पड़ताल करने की मांग करने लगे। इस दौरान भी पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## मंत्री नेताम दिल्ली में मिले केंद्रीय मंत्री मांडविया से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के आदिम जाति विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने बुधवार अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख एल. मंडाविया से उनके निवास कार्यालय से सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर मंत्री श्री नेताम और केन्द्रीय मंत्री श्री मंडाविया के बीच छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित केन्द्र और राज्य प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।(मंत्री श्री नेताम ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों, गरीबों और मजदूरों सहित सभी वर्गों के निरंतर विकास के लिए नीतिगत



फैसले लेकर और योजनाओं के तहत कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ में सभी वर्ग के लोग खुशहाल हैं। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय कृषक उन्नति योजना, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के छत्तीसगढ़ में हो रहे बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में भी जानकारी दी। मंत्री श्री नेताम ने इस दौरान केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री मंडाविया को छत्तीसगढ़ आने का निमंत्रण भी दिया।

## गंभीर कुपोषित बच्चों की प्रोफाइलिंग करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। रेडक्रास सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर ने रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री की उपलब्धता और गुणवत्ता को लेकर विशेष ध्यान देने कहा।

इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को पोषणयुक्त भोजन मिले इसके लिए चावल और अन्य खाद्यान्न की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा सभी सुपरवाइजरों को गंभीर कुपोषित बच्चों की प्रोफाइलिंग करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में आईसीडीएस (एकीकृत बाल विकास योजना), मिशन वात्सल्य (एकीकृत बाल संरक्षण सेवा) और मिशन शक्ति योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली, कुपोषित बच्चों की स्थिति और बाल संरक्षण के उपायों पर गहन चर्चा की तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के बुनियादी ढांचे को सुधारने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यदि किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र में मरम्मत, बाउंड्रीवॉल निर्माण, रेनवाटर हार्वेस्टिंग या सोखता गड्ढे की आवश्यकता हो, तो इसके लिए जल्द से जल्द स्वीकृति प्राप्त कर कार्य प्रारंभ कराए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर महीने बिजली विभाग को बिल का तत्काल भुगतान करें, ताकि आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बनी रहे।

## एफडीए का नया पता होगा पुराना डीएमई ऑफिस, पुरानी बिल्डिंग में लैब का विस्तार

### जब्त दवाएं, सेनेटाइजर सहित अन्य सामान भी शिफ्ट होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर जिले का नया पता पुरानी डीएमई ऑफिस होगा। कार्यालय की शिफ्टिंग के बाद कालीबाड़ी के भवन में लैब का विस्तार किया जाएगा। कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी के साथ विभिन्न प्रकरणों में जब्त दवा और सेनेटाइजर सहित अन्य सामान की शिफ्टिंग का काम पूरा किया जा रहा है।

वर्तमान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कर्मचारियों का कामकाज परीक्षण शाला के ऊपरी मंजिल में स्थित कार्यालय से चल रहा था। यहां जांच लैब का विस्तार किया जाना है, जिसके निर्माण के लिए सीजीएमएससी के पास वर्क आर्डर भी पहुंच चुका है। लैब के लिए कई तरह के आवश्यक जांच मशीनों की खरीदी भी काफी समय पहले की जा चुकी है। काम पूरा होने के बाद यहां दवाओं तथा खाद्य से संबंधित कई तरह की जांच पूरी की जाएगी। इधर एफडीए जिला कार्यालय के पुराने डीएमई ऑफिस (वर्तमान में तहसील) में शिफ्ट होने के बाद उन्हें कामकाज के लिए पर्याप्त जगह मिल गई है। विभिन्न प्रकरणों में जब्त किए सामानों को वहां सुरक्षित ढंग से रखा जा सकेगा। वर्तमान में जिस कार्यालय का उपयोग किया जा रहा है वहां जब्त किए गए सारे सामान असुरक्षित और अस्त-व्यस्त ढंग से पड़े रहते थे।



### विभाग में दो पद हुए रिक्त

खाद्य एवं औषधि प्रशासन में राज्य अभिहित अधिकारी एवं सहायक नियंत्रक जिला के पद खाली हो गए हैं। इन दोनों पदों की जिम्मेदारी बसंत कौशिक के पास थी। सीजीएमएससी में हुए रीएजेंट घोटाले के मामले में उसकी गिरफ्तारी के बाद दोनों महत्वपूर्ण पद खाली हो चुका है। बसंत के साथ शासकीय सेवा में कार्यरत अन्य अधिकारियों का निलंबन आदेश अभी जारी नहीं किया गया है।

# मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए इंटरव्यू देने पहुंचे सीएस जैन और पूर्व डीजीपी जुनेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए बुधवार को इंटरव्यू किया गया। खास बात ये है कि इस पद के लिए राज्य के मौजूदा मुख्य सचिव अमिताभ जैन और पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा एक साथ पंहुचे। इस पद के दावेदारों में कई अन्य वर्तमान व पूर्व नौकरशाह भी शामिल हैं। इंटरव्यू के लिए बुलाए गए सात आवेदक नहीं आए। इनमें पूर्व वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

मुख्य सूचना आयुक्त के लिए एसीएस मनोज पिंगुआ की अध्यक्षता वाली सर्च कमेटी ने 33 आवेदकों को इंटरव्यू के लिए कॉल किया था। इनमें मुख्य सचिव अमिताभ जैन, हाल में पुलिस महानिदेशक के पद से रिटायर हुए अशोक जुनेजा, पूर्व मुख्य सचिव आरपी मंडल, पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी, रिटायर आईएएस नरेंद्र शुक्ला, उमेश अग्रवाल, अमृत खलको और संजय अलंग को शामिल हैं।





पता चला है, 33 में सात आवेदक इंटरव्यू देने नहीं पहुंचे। कॉल जाने के बाद नहीं आने वालों में आरपी मंडल, डीएम अवस्थी और अमृत खलको शामिल हैं। नया रायपुर के सर्किट हाउस में 11 बजे प्रारंभ हुआ इंटरव्यू अपरान्ह तक चला। इंटरव्यू लेने वालों में एसीएस मनोज पिंगुआ, प्रमुख सचिव निहारिका बारिक, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और सचिव अविनाश चंपावत सुबह करीब 10 बजे सर्किट हाउस पहुंच गए थे। नामों का पैनल भेजा जाएगा सरकार को बताया गया है कि इंटरव्यू की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सर्च कमेटी तीन नामों का एक पैनल तैयार करेगी। यह पैनल राज्य सरकार(मुख्यमंत्री) को भेजा जाएगा। माना जा रहा है कि यह प्रक्रिया अप्रैल के पहले सप्ताह में होगी। सर्च कमेटी के पैनल के आधार पर सरकार यह तय करेगी कि राज्य का मुख्य सूचना आयुक्त कौन होगा।

## सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग, सड़क पर रखे लोहे के बैरिकेड्स से बांध रहे ठेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में कई जगहों पर सड़क पर आवागमन सुचारू रूप से हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क के बीच लोहे के बैरिकेड्स रखे गए हैं। इन बैरिकेड्स को आम लोग अब अपने उपयोग में भी लाने लगे हैं। शास्त्री बाजार स्थित एवनग्रीन चौक के पास एक बैरिकेड्स में एक व्यक्ति ने अपना ठेला ही



जंजीर से बांध रखा है, ताकि कोई ठेला को चोरी कर ले जा ना सके।

### एवनग्रीन चौक के आसपास अवैध दुकानों से हर दिन लगता है जाम

एवनग्रीन चौक से सुमीत लाइन, सांई मंदिर और मोतीबाग की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर हर दिन सड़क पर अवैध ठेला के साथ सड़क पर बाजार लगा रहता है। इसके कारण इस मार्ग पर दिनभर ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बनी रहती है। एवनग्रीन चौक पर अब ठेले वाले ट्रैफिक पुलिस द्वारा सुचारू रूप से यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सड़क पर डिवाइडर की तरह लोहे के बैरिकेड्स रखे हुए हैं। इन बैरिकेड्स को अब ठेला संचालक अपने उपयोग में ला रहे हैं। ठेला को बैरिकेड्स के साथ जंजीर से बांधकर रख रहे हैं, ताकि ठेला सुरक्षित रहे।

## खबर संक्षेप



### राम भजन में झूमते रहे सभी श्रद्धालु

**रायपुर।** टाटीबंध महोबा बाजार स्थित बरसाना एंक्लेव में श्रीराम कथा के अंतिम दिवस बुधवार को कथावाचक संत शिरोमणि राम ज्ञानी ने राम राज्य को परिभाषित किया। महाराज ने सभी श्रोताओं से चढ़ौती के रूप में अपनी बुराई को चढ़ाने के लिए कहा। इसके बाद सभी भक्त राम भजनों में झूमते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस कार्यक्रम को आयोजन समिति के प्रमुख अध्यक्ष गोपाल टावरी व उनके सहयोगी टीम, बरसाना परिवार और महिला समिति का विशेष सहयोग रहा, जिसमें प्रमुख रूप से मंजू अग्रवाल, शोभा गुप्ता, प्रेमा टावरी, मीरा हरितवाल, सरोज मित्तल, माया वर्मा, सोनल बंसल, उषा गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे

### भक्ति की शक्ति में डूबेगा धोबी समाज



**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर नातिन धोबिन दाई परिसर में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। साथ ही जवारा का भी जुलूस निकाला जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी बैठक में गांव-गांव से सामाजिक श्रद्धालु पहुंचे। बैठक में धोबी समाज के लोगों ने कहा, सभी समाज अपने इष्ट देवी को मानते हैं पूजा करते हैं श्रद्धा से हम लोग भी पीछे नहीं रहेंगे। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने समाज को जागृत किया है और धर्म कर्म के बारे में सब को जानकारी दिया है और हम सभी जागृत धीरे-धीरे हो रहे हैं। 30 मार्च से सभी अपने-अपने सामर्थ के अनुसार सेवा देंगे और पंडा की भागीदारी निभाएंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास निर्मलकर, रायपुर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, गोपाल निर्मलकर, सुनील निर्मलकर सहित अनेक लोगों ने संबोधित कर अपने विचार व्यक्त किया और ग्रामीण जनों को गांव गांव में स्थित देवी के प्रति आवहान चलाने का आव्हान किया।

### शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान



**रायपुर।** अमर क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस के अंतर्गत दुर्गा महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब, बिलासा ब्लड केंद्र और एलजी केयर टुडे की ओर से लगाया गया। शिविर में लगभग 60 लोगों ने रक्तदान किया। ऑफिस स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी को रक्तदान करना चाहिए। बिलासा ब्लड सेंटर की साक्षी गौतम ने बताया कि दान किए गए रक्त की एक यूनिट से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। शिविर में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ प्रतिभा मुखर्जी साहूकार, उप प्राचार्य डा. सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, एलजी केयर टुडे से मनीष शर्मा, बिलासा ब्लड बैंक से साक्षी गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# एमसीएच/डीएम के स्टाइपेंड की विसंगति पर राहत के छीटें, सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विसंगति की लगातार शिकायत के बाद एमसीएच/ डीएम के डाक्टर का स्टाइपेंड दो हजार रुपए बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त कार्यालय से शासन को भेजे गए इस प्रस्ताव पर सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों में नाराजगी है। अभी सुपरस्पेशलिटी कोर्स की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों को एमडी-एमएस यानी पीजी डाक्टरों के बराबर स्टाइपेंड मिलता है।

राज्य में सुपरस्पेशलिटी कोर्स का संचालन कुछ ही विषयों में किया जाता है। इसकी पढ़ाई पीजी पूरी करने के बाद शुरू होती है, मगर इन डाक्टरों को शिष्यवृति पीजी डाक्टरों के बराबर मिलती है। सीजीडीएफ सहित विभिन्न चिकित्सक संगठनों ने इस वेतन विसंगति को दूर करने के लिए एमपी सहित की राज्यों में दिए जाने वाले स्टाइपेंड का अध्ययन कर अधिकारियों से मांग की गई थी। लगातार उठने वाली मांग के बाद सुपरस्पेशलिटी पाठ्यक्रम का संचालन करने वाले डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल द्वारा प्रस्ताव बनाकर चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को भेजा गया था। वहां के स्टाफ ने अध्ययन और संशोधन के बाद वर्तमान में मिलने वाली राशि में दो हजार रुपए की बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार कर शासन के पास स्वीकृति के लिए भेज दिया।

इस प्रस्ताव की जानकारी के बाद सुपरस्पेशलिटी की पढ़ाई करने वाले डाक्टर नाराजगी है। उनका तर्क है कि राज्य में सेवा देने वाले सुपरस्पेशलिटी डाक्टर्स का अलग कैडर नहीं होने की वजह से उन्हें पीजी चिकित्सक के बराबर वेतन मिलता है। काफी समय से उनके वेतन की बढ़ोतरी की तरफ ध्यान नहीं दिया गया जिसकी नए चिकित्सक ज्वाइनिंग की तरफ ध्यान नहीं देते है, वहीं पुराने डाक्टर्स नौकरी छोड़ रहे हैं।

### हास्टल शुल्क कम करने की तैयारी

सुपरस्पेशलिटी विषयों की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों को अलग से हास्टल की व्यवस्था नहीं होने की वजह से डीके अस्पताल के पेइंग रूम में आवास सुविधा दी गई है। इसके लिए यहां एसी, पंखा, एलईडी, टीवी, गीजर माईक्रोवेव, बेड, सोफा, स्टडी टेबल की सुविधा है। डाक्टरों से इसके लिए 5 हजार रुपया प्रतिमाह किराया लिया जाता है। इस राशि को कम कर 2500 करने का प्रस्ताव बनाकर भी शासन को स्वीकृति के लिए प्रेषित किया गया है।



### सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों का स्टाइपेंड

| वर्ष | वर्तमान | प्रस्तावित | डिमांड |
|---|---|---|---|
| प्रथम | 67500 | 70000 | 78000 |
| द्वितीय वर्ष | 71450 | 73000 | 82000 |
| तृतीय वर्ष | 74600 | 76000 | 86000 |

- दो हजार की वृद्धि का सीएमई कार्यालय से प्रस्ताव, शासन से मांगी अनुमति
- अभी पीजी डाक्टरों के बराबर मिलती है शिष्यवृति, पढ़ाई उससे आगे की

## अधिकारी, कर्मचारी पेशोपश में, 225 करोड़ के प्रोजेक्ट अधूरे

# स्मार्ट सिटी 5 दिन का मेहमान, 8 प्रोजेक्ट अधूरे, केंद्र की गाइड लाइन का हो रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


हरिभूमि सरोकार

रायपुर स्मार्ट सिटी मिशन महज 5 दिन का मेहमान है, जबकि 8 प्रोजेक्ट अधूरे हैं। इसमें शहर के तीन तालाबों में बन रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, शहर के 15 वार्डों में मोतीबाग और गंज पानी टंकी से 24 घंटे पानी पहुंचाने की योजना, शास्त्रीबाजार, नए मटन मार्केट का निर्माण संबंधी प्रोजेक्ट शामिल हैं। केंद्र सरकार की गाइड लाइन के अनुसार 31 मार्च तक समय रायपुर स्मार्ट सिटी के लिए तय है। ऐसे में अधिकारी व कर्मचारी पेशोपश में हैं कि बचे हुये 8 प्रोजेक्ट का काम कैसे कराया जाये। जो प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं उसके हेंडओवर को लेकर अब तक कोई दस्तावेज तैयार नहीं किये हैं।

### 225 करोड़ के प्रोजेक्ट अधूरे

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा करीबन 9 साल में 312 प्रोजेक्ट पर काम किया गया। इसके लिए स्वीकृत 1 हजार करोड़ रुपये में से 872 करोड़ रुपये खर्च किये गये। इसमें शहर के ऐतिहासिक महराजबंद तालाब, नरैया तालाब, खो-खो बंधवा और पहलदवा तालाब में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण संबंधी प्रोजेक्ट अहम है। साथ ही पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत राजधानी के 15 वार्डों में 24 जल आपूर्ति की योजना खास है। इन प्रोजेक्ट करीबन 225 करोड़ के हैं। जो तय समय अवधि से 2 से 3 पीछे चल रही है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक 3 तालाबों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का काम पूरा होने में 6 माह और लग सकता है। इसी तरह मटन मार्केट का काम पूरा होने अभी समय लगेगा।

### 3 तालाबों में एसटीपी निर्माण, शास्त्री बाजार, मटन मार्केट सहित 24 घंटे जल आपूर्ति का प्रोजेक्ट




### केंद्र की गाइड लाइन का इंतजार

स्मार्ट सिटी रायपुर का कार्यकाल 31 मार्च को पूरा हो रहा है। आगे क्या होगा इसे लेकर अब तक कोई अधिकारिक जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में स्पष्ट दिशा निर्देश मिले हैं कि नया प्रोजेक्ट नहीं लिया जायेगा, पहले से जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं, उसी पर काम करना है। जैसे दिशा-निर्देश मिलेंगे, उसके अनुसार काम किया जायेगा।

**- पीके पंचायती,** महाप्रबंधक, तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### हैंडओवर को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधे-अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करना जहां अधिकारियों के समक्ष एक बड़ी चुनौती है, वहीं 100 से अधिक ऐसे प्रोजेक्ट जिनका संचालन व संधारण रायपुर स्मार्ट सिटी कर रही है उसके हेंडओवर की प्रक्रिया क्या होगी? नगर निगम को हेंडओवर करने पर फंड की व्यवस्था कहां से होगी इसका जवाब विभागीय अधिकारियों के पास नहीं है। सूत्रों के मुताबिक रायपुर स्मार्ट के पास 128 करोड़ रुपये बचे हुये हैं। यह पैसा डिमांड व कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर मिल सकता है। जिसके लिए कोशिश की जा रही है।

### एसटीपी का काम सब कांट्रेक्टर से कराने की तैयारी

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 3 तालाबों में गंदे पानी के शुद्धिकरण के लिए 20 करोड़ खर्च कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का ठेक पुणे की जिस एजेंसी को दिया है संबंधित एजेंसी समय पर काम पूरा नहीं कर पा रही। बार-बार नोटिस के बाद भी काम की सुस्त रफ्तार को देखते हुए अब बचे हुये कार्य को सब कांट्रेक्टर से कराने की तैयारी है। कुल मिलाकर यह तय है बारिश से पहले महराजबंद तालाब, नरैया तालाब और बंधवा तालाब में एसटीपी निर्माण का काम पूरा नहीं हो पायेगा।

# मर्चेंट एसोसियेशन ने महापौर को निगम बजट के लिए दिए सुझाव



- गांधी सदन में महापौर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गोलबाजार मर्चेंट एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने गांधी सदन में अध्यक्ष सतीश जैन और वार्ड पार्षद मुरली शर्मा के नेतृत्व में महापौर मीनल चौबे से मुलाकात की। इस मौके पर व्यापारियों ने नगर निगम के आगामी बजट को लेकर 13 बिंदुओं पर अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुये महापौर का ध्यान आकर्षि कराया। चर्चा के दौरान मीनल चौबे ने कहा गोलबाजार की प्रसाधन समस्या को प्राथमिकता से लिया जायेगा। साथ ही अन्य प्रस्तावों पर विचार कर बजट में शामिल करेंगे। इस मौके पर कलीराम साहू, संतोष रावत, पुरुषोत्तम जोशी शामिल रहे।

### इन बिंदुओं पर दिये सुझाव

- नगर निगम के अनुज्ञप्ति लाइसेंस प्रणाली की अवधि एक साल से बढ़ाकर 5 साल किया जाये।
- मालवीय रोड स्थित नगर निगम के पुराना मुख्यालय वाली खाली जगह पर वेंडिंग जोन बनाने का सुझाव।
- मालवीय रोड, बंजारी चौक, गोलबाजार, सदरबाजार क्षेत्र में सार्वजनिक प्रसाधन की व्यवस्था नहीं है, वहां ई -टायलेट की व्यवस्था नगर निगम के माध्यम से हो।
- अवैध निर्माण, ठेले -खोमचे द्वारा बढ़ते अतिक्रमण की रोकथाम के लिए मोबाइल वैन बनाकर समय रहते कार्यवाही करने का सुझाव।
- नगर निगम के कार्यालयों में बायोमेट्रिक सिस्टम लगाने और सीसीटीवी कैमरा लगाया जाये।
- मच्छरों की समस्या से निजात पाने बंद पड़ी सीवर लाइन को शुरू करने का सुझाव।
- नगर निगम द्वारा मोक्षदाह सेवा शुरू किया जाये और अंतिम संस्कार के लिए जरूरतमंदों को निःशुल्क लकड़ी दी जाये।

# गर्मियों का मौसम निर्माण कार्यों के लिए अनुकूल, तेजी से पूरे करवाएं कार्य : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- वित्त मंत्री चौधरी के अधिकारियों को निर्देश, बारिश के पहले निर्माण कार्यों में दिखनी चाहिए अपेक्षित प्रगति, गुणवत्ता का भी रखा जाए पूरा ख्याल

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों से कहा कि जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें बारिश शुरू होने से पहले गर्मियों में पूरी तेजी के साथ करवाएं, काम में गुणवत्ता का भी पूरा ख्याल रखा जाए। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने यह बात आज रायगढ़ कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने विभागों में चल रहे प्रोजेक्ट व निर्माण कार्यों के साथ बजट में प्रस्तावित नए कार्यों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि गुड गवर्नेंस स्थापित करना है इसके लिए सभी फील्ड में अपनी जिम्मेदारियों का कुशलता के साथ निर्वहन करें, पॉजिटिव रिजल्ट देने के लिए काम करें। समीक्षा बैठक में महापौर जीवर्धन चौहान, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल उपस्थित रहे।

बैठक में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण में क्वालिटी सबसे जरूरी है। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण के दौरान टैक्टर के केजव्हील से सड़क को होने वाले नुकसान के रोकथाम के लिए किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत भवनों के निर्माण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नगर निगम द्वारा शहर में बीटी सड़क निर्माण के साथ ही अन्य कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भवन निर्माण के ड्राइंग डिजाइन तैयार करते वक्त उपलब्ध भूमि का सही तरह से उपयोग करने के निर्देश दिए। जिससे भविष्य में यदि उस प्रोजेक्ट के विस्तार की आवश्यकता हो तो वहां किया जा सके। इसके लिए लेटरल स्पेस के स्थान पर हाइ राइस बिल्डिंग का निर्माण विकल्प हो सकता है। उन्होंने नवीन स्वीकृत किए गए प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि का चिन्हांकन कर प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सड़क व भवनों के साथ पुल-पुलिया तथा निर्माण के प्रगति के बारे में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने मेडिकल कॉलेज के कार्यों की भी समीक्षा की। रायगढ़ कलेक्टर श्री गोयल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज को दी गई भूमि के सीमांकन और बाउंड्री निर्माण का काम किया जाना है। इसके लिए राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त अन्य निर्माण कार्यों के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में नियमित रूप से ब्लड डोनेशन कैंप लगाने के निर्देश दिए।

# मल्टीलेवल से ज्यादा कलेक्टोरेट परिसर में वाहन की पार्किंग, हर रोज जाम की स्थिति बन रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करोड़ों रुपए खर्च करके कलेक्टोरेट चौक पर 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। यह मल्टीलेवल पार्किंग निःशुल्क है। वाहन को पार्क करने के लिए कोई शुल्क लिया नहीं जाता। इसके बाद भी इस मल्टीलेवल पार्किंग से ज्यादा कलेक्टोरेट परिसर में गाड़ियां पार्क की जा रही हैं।

प्रशासन की ओर से कलेक्टोरेट में प्रवेश के लिए दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट पहनना और चारपहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य किया गया है। इस नियम का पालन करते हुए हर दिन सैकड़ों गाड़ियां कलेक्टोरेट परिसर में ही प्रवेश कर रही हैं, जबकि पार्किंग के लिए मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। गाड़ियों की संख्या बढ़ने से कलेक्टोरेट परिसर के अंदर भी हर दिन जाम की स्थिति बनती रहती है।

### मल्टीलेवल के सामने भी लग रहा हर रोज जाम

मल्टीलेवल पार्किंग में गाड़ियां पार्क नहीं कर ज्यादातर लोग अब मल्टीलेवल और जिला पंचायत भवन के सामने सड़क पर गाड़ियां पार्क कर रहे हैं। यहां ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शाओं की सवारी बिठाने के लिए दिनभर लाइन लगी रहती हैं। इन कारणों से हर रोज यहां भी जाम लगा रहता है।

### गार्डन के दोनों तरफ बने पाथवे पर भी गाड़ियां कर दी पार्क



कलेक्टोरेट परिसर में स्थित गॉर्डन के दो तरफ लोगों के चलने के लिए पाथ-वे बनाया गया है। परिसर में कभी-कभी ऐसी स्थिति रहती है कि दोपहिया गाड़ियों को पाथ-वे या फिर पाथवे के अंदर जाने एवं बाहर निकलने लिए बनाए गए कट के सामने भी लोग गाड़ियां पार्क कर देते हैं, जिससे पाथवे का रास्ता ही बंद हो जाता है।

### एसपी भवन के बगल में सबसे ज्यादा जाम की स्थिति



एसपी भवन के बगल में खाली प्लॉट है। ज्यादातर चार पहिया इसी प्लाट में पार्क की जाती हैं। इन गाड़ियों में ज्यादातर वकीलों की गाड़ियां रहती है, जबकि कोर्ट परिसर में उनके लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था है। कलेक्टोरेट परिसर से कोर्ट जाने का रास्ता होने के कारण बड़ी संख्या में वकील अपनी गाड़ियां यहीं पार्क करते हैं।

### वीवीआईपी मूवमेंट व कार्यक्रम के दौरान और बिगड़ जाती है व्यवस्था

कलेक्टोरेट परिसर में वैसे तो क्षमता से ज्यादा गाड़ियों की पार्किंग से हर दिन व्यवस्था बिगड़ती है, लेकिन यह व्यवस्था उस दिन और बिगड़ जाती है, जब शहर में कोई वीआईपी, वीवीआईपी मूवमेंट या फिर किसी कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस दौरान कलेक्टोरेट के मुख्य गेट पास तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को भी यहां से हटाकर वीआईपी ड्यूटी या कार्यक्रम स्थल पर लगा दिया जाता है। इसके कारण उस दिन बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगाए चालक भी वाहन को कलेक्टोरेट परिसर में जाकर पार्क करते हैं। इसके कारण उस दिन यहां सबसे ज्यादा जाम की स्थिति बनी रहती है। दो दिन पहले ही राष्ट्रपति का रायपुर आगमन हुआ था। इस दिन कलेक्टोरेट के मुख्य गेट से ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को हटाकर वीआईपी ड्यूटी में लगा दिया गया था। इसके कारण इस दिन कलेक्टोरेट परिसर में दोपहिया एवं चारपहिया गाड़ियों की संख्या इतना ज्यादा हो गई थी कि आम लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था।

## बिजनेस साइट

### कलिंगा विश्वविद्यालय में भूजल गुणवत्ता और निगरानी पर जन जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग ने केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी), रायपुर के सहयोग से बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में भूजल गुणवत्ता और निगरानी पर एक जन जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और स्थानीय समुदाय को स्थायी भूजल प्रबंधन और संरक्षण प्रथाओं के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम में प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, बीबीए सहित विभिन्न विषयों के छात्रों और संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। सहभागिता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए, नारा-लेखन और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों को नवीन विचारों और प्रभावशाली संदेशों के माध्यम से भूजल संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के अतिथि जल शक्ति विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रजनी कांत शर्मा और डॉ. प्रियंका सोनबरसे थे। उनकी व्यावहारिक प्रस्तुतियों में भूजल गुणवत्ता निगरानी के महत्वपूर्ण पहलुओं, टिकाऊ जल प्रबंधन में चुनौतियों और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया।

### भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर में टेक्नो कल्चरल टेकफेस्ट 'उदय 2025' आज और कल




**रायपुर।** भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रायपुर 27 और 28 मार्च को अपने बहुप्रतीक्षित टेक्नो-कल्चरल इवेंट 'उदय 2025' की मेज़बानी करने के लिए तैयार है। यह दो दिवसीय आयोजन तकनीकी और सांस्कृतिक प्रदर्शन का अद्भुत मिश्रण प्रस्तुत करेगा, जो क्षेत्रभर के छात्रों की विविध प्रतिभाओं को प्रदर्शित करेगा। 'उदय 2025' का विषय रचनात्मकता, नवाचार और मनोरंजन के इर्द-गिर्द घूमता है। इस महोत्सव में कई रोमांचक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो इस इवेंट को तकनीकी प्रेमियों और कला के शौकिनों के लिए एक अविस्मरणीय अवसर बनाएंगे। इस आयोजन के मुख्य आकर्षण में फूटलूज, ओपन माइक, फैशनिस्टा, सोलो सॉन्ग, ग्रुप सॉन्ग, सोलो डांस, और ग्रुप डांस शामिल हैं।इस महोत्सव में तकनीकी संबंधित कार्यशालाओं और सत्रों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को नवीनतम तकनीकी नवाचारों के साथ जुड़ने का अवसर मिलेगा।






02



तकनीक बेस्ड कृषि का बढ़ रहा है क्रेज...

## लाइव इवेंट

# रोटरी क्लब एलिगेंस ने अस्पताल में मरीजों को भेंट किया माइक्रोवेव ओवन



**रायपुर।** रोटरी क्लब एलिगेंस संस्था की महिलाओं ने बुधवार को कालीबाड़ी स्थित मातृत्व एवं शिशु चिकित्सालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस विशेष कार्यक्रम में महिलाओं ने अस्पताल को माइक्रोवेव ओवन और राशि वितरण किया। साथ ही अस्पताल के मरीजों को ड्रायफ्रुट्स का भी वितरण किया। इस दौरान संस्था की महिलाओं ने मरीजों के साथ समय बिताया और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी ली। क्लब प्रेसिडेंट मनीषा अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम से अस्पताल के मरीजों की सहायता करना मुख्य उद्देश्य रहा, जिनके जरूरतों को ध्यान दिया गया है। प्रत्येक माह क्लब की महिलाएं समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए कई कार्य करती हैं, ताकि सामाजिक स्तर पर सभी का विकास हो सके।

### अस्पताल के मरीजों को ड्रायफ्रूट वितरण



एक दिवसीय कार्यक्रम में महिलाओं ने माइक्रोवेव ओवन अस्पताल की जरूरत के अनुसार वितरण किया, ताकि अस्पताल के मरीज और उनके परिवार के सदस्य इसका प्रयोग कर सकें। कार्यक्रम के दौरान लगभग सौ से अधिक मरीजों को ड्रायफ्रूट का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की ट्रेजरार तनुश्री अग्रवाल, चेयरपर्सन प्रियंका गुप्ता, महक बंसल उपस्थित रही।

## आज विश्व रंगमंच दिवस, देशभर में नाचा-गम्मत की विधा को सहेजने वाले कलाकारों ने साझा की यादें


# संवाद अदायगी, नृत्य की भाव-भंगिमाओं से रंगमंच पर रचती-बसती कला-संस्कृति

" 'देश में छत्तीसगढ़ी रंगकर्म का बोलबाला रहा है। यही नहीं, दुनिया का पहला प्राचीन नाट्य शाला छत्तीसगढ़ में होने की बात कही जाती है। इसके प्रमाण भी मिलते हैं। संवाद अदायगी और नृत्य की भाव-भंगिमाओं से प्रदेश के लोक नाट्य नाचा-गम्मत ने अपनी अलग पहचान बनाई है। यहां की रोचक शैली रंगमंच पर हमेशा सुर्खियों में रही है। इसे सहेजने और देशभर में फैलाने का दायित्व अभी भी अंचल के कलाकार निभा रहे हैं। कुछ इसी तरह की यादें आज विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर कलाकारों ने साझा की।'





### संसाधन पर्याप्त, आयोजन हुए कम



*कलाकारों ने बताया कि मुक्ताश मंच, पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम, रंग मंदिर, महाराष्ट्र मंडल, शहीद स्मारक भवन जैसे कई मंच हैं, जहां बड़े से बड़ा नाट्य मंचन किए जा सकते हैं। अब समय के साथ शहरी परिवेश में इनकी प्रस्तुति का सिलसिला कम होने लगा है। जबकि, दूसरे राज्यों में यहां के कलाकारों की पूछ-परख अभी भी कायम है। कलाकार देवेन्द्र पांडेय व पीसी रथ बताते हैं कि अभी युवा पीढ़ी इन विधाओं में रुचि तो ले रही है, लेकिन इसे कॅरियर के रूप में लेने का साहस नहीं दिखा रही। क्योंकि, इससे शौक पूरा होता है,लेकिन घर चलाना संभव नहीं है।*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से एक से बढ़कर एक नाटककार निकले और देशभर में छा गए। इन्हीं नाटककारों में एक बड़ा नाम हबीब तनवीर है। आज तनवीर साहब तो हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके रंगकर्म को आगे बढ़ाने का काम कलाकार निरंतर करने में जुटे हैं। सरगुजा में दुनिया का प्राचीन नाट्य शाला होने की बात रंगकर्मी निसार अली कहते हैं। वे बताते हैं कि राजधानी में कई जगह नाट्य श्रृंखला सजाने के लिए मंच तो बने, लेकिन अब दर्शक शहरी क्षेत्र में नहीं मिलते हैं। लेकिन, देश के दूसरे राज्यों में छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति की धमक अब भी कायम है।

### छत्तीसगढ़ की नाट्य विधा खास

रंग-परंपरा को गुजरात, पंजाब, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और मुंबई तक ले जाने वाले निसार अली और शेखर नाग बताते हैं कि छत्तीसगढ़ की नाचा-गम्मत शैली की परंपरा बेहद प्राचीन है। गांवों में अब भी नाचा-गम्मत की परंपरा कायम है। यहां की खास शैली की वजह से नाचा-गम्मत एक ऐसा रंगकर्म बन चुकी है, इसके कलाकारों को न मंच की जरूरत होती है, न विशेष साज-सस्जा, न वेष-भूषा, न प्रकाश, न पर्दे की। कलाकार अपनी खास तरह के पहनावे से ही विशिष्ट लगते हैं। इसे पेश करने के लिए हर साल दूसरे राज्यों से बुलावा भी आता है।

### सुविधाओं की कमी के बीच रंगकर्म

कलाकारों ने बताया कि रंगकर्मियों के पास कोई खास सुविधा नहीं है। अभाव, संसाधानों की कमी और अनेक चुनौतियों के बीच राजधानी में प्रतिवर्ष मुक्तिबोध स्मृति, शंकर शेष स्मृति, हबीब की यादें नाम से नाट्य समारोह का सिलसिला जारी है। प्रदेश में अब भी हबीब तनवीर, मिर्जा मसूद जैसे बड़े कलाकारों द्वारा तैयार की गई पौध परंपराओं को आगे बढ़ाने का दायित्व निभा रही है। राजकमल नायक, सुभाष मिश्रा जैसे कलाकार रंगकर्म की कमान संभाले हुए हैं।

## सिटी इवेंट

# शुभ मुहूर्त में की गई भगवान झूलेलाल की स्थापना, घरों में 5 दिन होगी पूजा



**रायपुर।** भगवान झूलेलाल महोत्सव की धूम, शुभ मुहूर्त में की गई स्थापना के साथ शुरू हुआ। सिंधु एकता संघ सिंधी समाज द्वारा मनाए जा रहे झूलेलाल उत्सव के तहत बुधवार की शाम घरों में भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापित की गई। संघ के सुभाष बजाज और आयोजन के संयोजक रमेश मिरघानी के मार्गदर्शन में पूजा उत्सव की परंपरा निभाने का क्रम शुरू हुआ। अध्यक्ष चंद्र कुमार माखीजा ने बताया कि सिन्धु एकता संघ द्वारा संत लालदास की प्रेरणा और संत युधिष्ठिर लाल, माता साहेब मीरादेवी के आशीर्वाद से 13वें वर्ष भी गणेश उत्सव की तरह झूलेलाल उत्सव का आगाज हुआ।

### पांच दिनों तक की जाएगी पूजा

घर- घर भगवान झूलेलाल की मूर्ति शुभ मुहूर्त में स्थापना की गई। विधि विधान के अनुसार पांच पान पत्ते, पांच फल, मौलीधागा, सुपारी, आसन, लाल कपड़ा के साथ एक जल कलश में नारियल रखकर स्थापना की गई। साथ ही घंटी, शंख ध्वनि से भगवान झूलेलाल का स्वागत किया गया। अब पांच दिनों की अखंड ज्योत भी भगवान झूलेलाल के सामने मनोकामना पूर्ति के लिए जलाई गई है। ऐसी मान्यता है कि जल और ज्योत ही भगवान झूलेलाल का स्वरूप है। पांच दिनों तक ज्योत जलाकर आराधना करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

### युवाओं व बच्चों को जोड़ने पहल

मूर्ति के साथ सिंधु एकता संघ द्वारा आरती की पुस्तक भी प्रदान की गई है। जिसमें भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापना,



अक्खे का मंत्र, भगवान झूलेलाल की आरती और पल्लव किस तरह करना है, यह बताया गया है। समाज के लोग 5 दिनों तक विधि विधान से भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना करेंगे। चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन यानी 31 मार्च को विधि विधान से विसर्जन भी किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य सिंधी समाज के युवाओं और बच्चों को अपने धर्म व संस्कृति से जोड़ना है। इसके लिए विगत कई वर्षों से यह परंपरा भी निभाई जा रही है।

### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में की गई कार्यशाला

# नाक, कान, गला से जुड़ी बीमारियों से बचाने दी सीख

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में नाक, कान, गला एवं सिर-गर्दन शल्य विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कॉक्लियर कॉन्फ्लुएंस व श्रवण पुनर्वास प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का आयोजन कॉक्लियर इम्प्लांट ग्रुप ऑफ इंडिया के सहयोग से 24 से 26 मार्च तक किया गया। इसमें भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के 32 रोगियों ने पंजीयन कराया था। एम्स में 2016 से कॉक्लियर इम्प्लांट का सफलता से संचालित किया जा रहा है। केवल पिछले वर्ष में ही 21 बच्चों का कॉक्लियर इम्प्लांट किया गया।



### इनके सहयोग से हुआ आयोजन

*ईएनटी विभाग की एचओडी डॉ. रेणु राजगुरु के आग्रह पर कॉक्लियर इम्प्लांट ग्रुप ऑफ इंडिया ने इस कार्यशाला का खर्च वहन किया। साथ ही दो मास्टर ट्रेनर्स भेजा। विशेष शिक्षिका लीना विश्वकर्मा ने इसे सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। चंदन साहा ने प्रशिक्षण में पूर्ण सहयोग का बखूबी दायित्व निभाया।*

### सरकारी योजना के तहत लाभ

*यह पहल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य और चिरायु जैसी सरकारी योजनाओं के तहत आयोजित की गई। इसमें पांच वर्ष से कम उम्र के गंभीर से गंभीर श्रवण की समस्या से पीड़ित बच्चों को कॉक्लियर इम्प्लांट की सुविधा दी गई है। अति गंभीर श्रवण बाधित बच्चे को 01 से 02 वर्ष की उम्र तक इम्प्लांट कराने को जरूरी बताया गया। यह जानकारी एक्सपर्ट ने उन सभी लोगों को दी, जो इन विकारों से पीड़ित थे। बताया गया कि सरकार की योजनाओं के तहत भी बीमारियों से मुक्ति दिलाने के लिए प्रयास किया जाता है।*

# जन सहयोग के लिए संस्था ने निभाया फर्ज

**रायपुर।** सरोकार से जुड़कर काम करने वाली संस्था 'कुछ फ़र्ज़ हमारा भी' ने जनहित में प्याऊ घर का शुभारंभ किया। इसे सर्व मंगल मनोकामना हनुमान मंदिर न्यू बस स्टैंड भाठागांव के पास शुरू किया गया है। भीषण गर्मी में लोगों को शीतल पेयजल की सुविधा देने के लिए यह पहल की गई है। साथ ही गायों के लिए भी पानी की विशेष व्यवस्था की गई है। इससे पशु-पक्षी इस सेवा का लाभ ले सकेंगे। इसके साथ ही राहगीरों को 200 पैकेट छाछ के पैकेट का वितरण किया गया।




### ग्रुप के मेंबर्स ने किया सहयोग

जिससे गर्मी में लोगों को राहत मिल सके। इसके साथ ही सप्ताह में एक बार शरबत बांटने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष नितिन सिंह राजपूत, संरक्षक राकेश अग्रवाल, सचिव स्मारिका और उपाध्यक्ष अंकित गोयल ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में भीम यादव, पूनम जुमनानी, तनिष्क राजपूत नमिता ने भी अहम भूमिका निभाई।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का सकल जैन समाज ने किया आगाज

# प्रभात फेरी में पर्यावरण को बचाने नो-प्लास्टिक का दिया संदेश कुकिंग स्टूडियो में व्यंजन पकाने किया प्रतियोगिता का आयोजन

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की कड़ी में बुधवार को न्यू राजेंद्र नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। वर्धमान नगर में सुबह भगवान महावीर की स्तुति करके महावीर स्वामी के संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए यात्रा निकाली गई। इसमें समाज के बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हुईं। पर्यावरण को बचाने के साथ ही प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने का संदेश भी दिया। साधुमार्गी जैन समता युवा संघ के संयोजन में बच्चों ने अर्जुनमाली, मानतुंग आचार्य के गेटअप में हाथों में पट्टी लेकर जैन धर्म के मीठे बोल 'सत्य अहिंसा है अनमोल, तन को करता खराब अंडा-मांस और शराब से बचाव का संदेश दिया।'






### अंकों में बताई वीर की कहानी

वीर की कहानी, अंकों की जुबानी का आयोजन किया गया। तंबोला की तर्ज पर यह आयोजन किया गया। इसमें अर्ली 11 की जगह 11 गणधर, वैजयंती माला को छह काया, कॉर्नर्स को 4 गति, पहले लाइन से छठवें लाइन तक के क्रमशः महावीर स्वामी की जय, सिद्धार्थ राजा की जय, त्रिशला माता की जय, नंदी वर्धन की जय, सुदर्शना की जय, प्रिय दर्शना की जय कहा गया। वैसे ही 3 पेयर को चरित्र ज्ञान दर्शन के रूप में प्रकट किया गया।

### कुकिंग के लाइव मास्टर से जुड़े

लोढ़ा विंग्स ने दिशा कुकिंग स्टूडियो में लाइव मास्टर ट्रेनर का भी आयोजन किया। स्पर्धा में व्यंजनों को टेस्ट करके उसमें प्रयुक्त होने वाली सामग्री को पहचानने और टाइम लिमिट के अंदर डिश बनाने का भी कॉम्पीटिशन हुआ। सोलो स्पर्धा में रितिका पारख विजेता रही और समूह में टीम त्रिशला ने बाजी मारी। इसमें ओजस्वी गोलछा, सुप्रिया सांखला, रितिका पारख, कनिष्का मूणत, अपूर्वा संचेती, सुरभी वैद, रक्षा पारख, पिंकी और एकता लोढ़ा शामिल रही।

### गुढ़ियारी में किया मठा वितरण



भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के क्रम में जिनाज्ञा ग्रुप ने गुढ़ियारी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के पास सुबह 10.30 बजे से दोपहर एक बजे तक आने-जाने वाले लोगों के बीच मठा का वितरण किया। ग्रुप की 20 महिलाओं ने कड़ी धूप में आवा-जाही करने वालों को मठा बांटते हुए गर्मी से राहत देने का प्रयास करते हुए मानव सेवा की।

## सिटी लाइव

# पैराशूट शो से आकाश में जलेगी ज्योत, सिंगर्स मचाएंगे धूम




**रायपुर।** कटोरा तालाब झूलेलाल सरोवर के पास गुरुवार की शाम पैराशूट शो होने वाला है। इसमें आकाशीय ज्योत का अनोखा नजारा लोगों को देखने को मिलेगा। इसके लिए जय झूलेलाल महोत्सव समिति एवं सर्व सिंधी समाज ने तैयारी की है। समिति के संस्थापक प्रशांत राज गाबरी और आदर्श कलवानी ने पत्रकार वार्ता में आयोजन के बारे में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अनोखी पहल होगी, क्योंकि इसके पहले इस तरह का प्रयास नहीं किया गया है। इससे पहले शाम 4 बजे सामाजिक एकता के प्रतीक स्वरूप बाइक रैली भी निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए शाम 6 बजे आयोजन स्थल पहुंचेगी। इसके बाद पैराशूट शो के बाद लाइव प्रोग्राम का लुत्फ उठाने का अवसर भी मिलेगा।

### हजारों ज्योत से रोशन होगा आकाश

भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में होने वाले इस आयोजन में इस बार सिंगर सन्नी परवानी का लाइव शो आकर्षण का केन्द्र होगा। इसे सफल बनाने के लिए समिति ने राजकुमार पंजवानी, संतोष सचदेव की अगुवाई में टीम बनाकर जिम्मेदारी बांटी है। इसमें समाज के संत भी आशीर्वाद देने मौजूद रहेंगे। इनके मार्गदर्शन में ही इस आयोजन को गरिमामय बनाने का प्रयास किया जाएगा। पैराशूट शो के दौरान एक साथ हजारों की संख्या में ज्योत आकाश में रोशन होंगे। यह आकर्षक नजारा देखने लायक रहेगा।

## समाज लाइव

# रेलवे स्टेशन में यात्रियों के लिए वॉटर कूलर की सुविधा



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल द्वारा रायपुर रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए वॉटर कूलर लगाया गया। गर्मी के मौसम में आवाजाही करने वाले यात्रियों के लिए यह उपहार है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि गर्मी नजदीक आते ही लोग राहत के लिए मजबूरीवश ठंडे पानी के बोटल खरीदते हैं, लेकिन वॉटर कूलर होने से अब यात्रियों को स्टेशन पर ही ठंडा पानी उपलब्ध हो जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संभागीय रेलवे प्रबंधन दयानंद ने कहा कि स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर मंडल की ओर से वॉटर कूलर लगाया गया है। सुरक्षा के लिए इसे कैमरे की निगरानी में रखा गया है, ताकि नुकसान न पहुंचाया जा सके।

### मंडल ने प्लेटफॉर्म 1 पर लगाई मशीन

वॉटर कूलर के लोकार्पण अवसर पर रेलवे स्टेशन के कमर्शियल हेड अवधेश त्रिपाठी ने महाराष्ट्र मंडल के सेवाभावी कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म पर वॉटर कूलर होने से यात्रियों को राहत मिलेगी। मशीन को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी रेलवे अधिकारियों की है, ताकि सभी यात्रियों को निशुल्क रूप से ठंडे पानी का लाभ लंबे समय तक मिल सके। कार्यक्रम के दौरान अजय पोतदार, विवेक गनोदवाले, अतुल गद्रे, मनीष देसाई, प्रकाश गुरव, अखिल खरे, सचेतक रविंद्र ठेंगडी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

● आईजीकेवी कैंपस में कृषि उत्पादकों ने लगाया मेला, अतिथियों ने किया आयोजन का शुभारंभ

# तकनीक बेस्ड कृषि का बढ़ रहा है क्रेज किसान ऑनलाइन भी बेच रहे उत्पाद



> 'समय के साथ अब किसानों में भी तकनीक बेस्ड कृषि का क्रेज बढ़ रहा है। इससे जुड़कर वे बाजार में ऑफलाइन ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन बिजनेस करने के लिए भी सरोकार बढ़ाने लगे हैं। उनके उत्पाद को अच्छा रिस्पॉस भी मिलने लगा है, क्योंकि वे मार्केट वैल्यू के लिहाज से कृषि करने लगे हैं। इससे उनका टर्नओवर 80 लाख सालाना तक पहुंच गया है।'



### सालाना 80 लाख का टर्नओवर

रामफल पटेल ने बताया कि संस्था में ग्रामीण महिलाओं का 11 समूह काम करता है। हर समूह में 10-11 महिलाएं शामिल हैं, जिन्होंने हल्दी, मिर्च, धनिया, अचार के साथ चायपत्ती, गोक्षार जैसे प्रोडक्ट तैयार किए हैं। पिछले साल संस्था ने 80 लाख का टर्नओवर किया है। महिलाओं ने घटक द्रव्य-अर्जुन, तुलसी, नागर मोथा, लेमन ग्रास, सौफ, इलायची, सोठ, काली मिर्च की मदद से हर्बल चाय तैयार किया है। जो सर्दी-खासी, हृदय को मजबूत बनाने, पाचन तंत्र को ठीक करने और भूख बढ़ाने में मदद करता है।

**रायपुर।** आधुनिक तकनीकों के साथ जैविक खेती किसानों के लिए सरल और सहज हो गई है। प्रदेश के किसान अब समूह के माध्यम से खेती को सरल ढंग से कर रहे हैं। अब वे आपस में संगठन बनाकर हर साल लाखों का टर्नओवर आसानी से कमा रहे हैं। इससे प्रदेश का किसान हर साल आर्थिक रूप से खुद को सशक्त भी महसूस कर रहा है। कृषकों ने संगठन से जुड़कर गतिविधियों को भी बढ़ावा देने का प्रयास करने लगे हैं। इसके लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कृषि विकास व किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, लघु कृषक कृषि व्यापार संघ के संयुक्त तत्वावधान में मेला भी लगा रहे हैं। इस बार तीन दिवसीय कृषक मेला का शुभारंभ बुधवार को किया गया।



### जवा फूल चावल की डिमांड

जवा फूल चावल की कीमत बाजारों में अधिक है। इसका मुख्य कारण उपज में कमी है। रायगढ़ के किसान दुर्गेश श्रीवास ने बताया कि यह सुगंधित चावल शहरी क्षेत्र में सबसे अधिक पसंद किया जाता है। बाजार में 130 रुपए प्रति किलो में बिकने वाले चावल को खरीदने वालों के बीच डिमांड है। बाजार में बेचने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम का प्रयोग किया जाता है। हर साल लगभग 50 क्विंटल से अधिक की बिक्री होती है।

### 50 से अधिक कृषकों के स्टॉल

इस बार 28 मार्च तक चलने वाले मेले में प्रदेशभर के 50 से भी अधिक कृषकों ने स्टॉल लगाकर अपने प्रोडक्ट को सजाया है। यह जानकारी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने दी। उद्घाटन समारोह में उन्होंने कृषकों से जुड़ी कई रोचक जानकारियों को भी साझा किया। समारोह में धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा, विशिष्ट अतिथि महापौर मीनल चौबे और मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र मणि मौजूद थे।



### ड्राय सब्जियां तैयार करने प्लानिंग

जीरा फूल चावल की खेती के लिए केवल गोबर खाद्य का प्रयोग होता है। उत्पादन को बढ़ाने के लिए जैविक खाद्य जरूरी है। सरगुजा के शिवव्रत नरोशिया ने बताया कि यह चावल नमी और पानी वाले स्थानों में होता है। इसके लिए खेत में 3-4 माह पानी रखा जाता है। बाजार में 90 रुपए किलो में चावल की बिक्री होती है। स्टॉल में मक्के का आटा भी है। आने वाले साल में खेत पर सोलर ड्रायर की मदद से टमाटर, प्याज, लहसून, पत्ता गोभी, फूल गोभी, गाजर और मूली को ड्राय करके बाजार में लाया जाएगा, जिसे बिना किसी केमिकल के तैयार किया है।



# लोगों के बीच जगाई सनातन की अलख, धर्मसभा में किया मंथन

हिन्द स्पोर्टिंग मैदान में संत समाज ने धर्म जागरण पर दिया जोर

**रायपुर।** बदलते समय को देखते हुए संत समाज ने धर्म की अलख जगाने के लिए लोगों के बीच 14 प्रखंडों में 24 और 25 मार्च को पैदल यात्रा की। इस यात्रा की महत्ता और उद्देश्य को बताने के साथ ही मंथन करने के लिए बुधवार की शाम को लाखेनगर चौक स्थित हिन्द स्पोर्टिंग मैदान में धर्मसभा का आयोजन किया गया। इसमें धर्म की अलख जगाते हुए गौ हत्या रोकने, लव जिहाद के साथ धर्मांतरण को किस प्रकार से रोका जाए, इसको लेकर मंथन किया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त पहल से धर्मसभा आयोजित की गई। इसमें अखिल भारतीय संत समिति के केंद्रीय मंत्री दंडी स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने शिरकत की।




### कानूनी तौर पर प्रयास करें



*दंडी स्वामी जितेंद्र आनंद ने धर्मसभा में कहा कि दो वर्ष पूर्व सनातन पर प्रहार हुआ और छत्तीसगढ़ में सरकार बदल गई। इसलिए, सनातन से कोई भी खिलवाड़ ना करें। उन्होंने सीएम विष्णु देव साय से आह्वान किया कि लव जिहाद, धर्मांतरण व गौ हत्या रोकने के लिए कानूनी तौर पर प्रयास करें। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जब गौ हत्या, धर्मांतरण और लव जिहाद को रोकने का प्रयास करते हुए आगे आते हैं, तो आक्रामक बताना गलत है। नरेंद्र दास, सीताराम दास, महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास, राम स्वरूप, साध्वी पद्मिनी ने भी धर्मसभा को संबोधित किया। इसमें राजेश्वानंद, मनोज दास, हनुमान दास, भगवती प्रसाद शर्मा, विभूति पांडे इसमें प्रमुख रूप से शामिल रहे।*

### गौ हत्या, लव जिहाद रोकें

संतों ने कहा कि गौ हत्या, लव जिहाद व धर्मांतरण जैसे मामलों को रोकने के लिए गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। इस बात को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संतों ने अलग-अलग क्षेत्र में पैदल यात्रा करके घर-घर जाकर सनातन की अलख जगाने का प्रयास किया। बजरंग दल के प्रखंड मंत्री भूषण साहू व संयोजक दिलीप सोनी के नेतृत्व में डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद, साध्वी सौम्या, आजीवन निराहारी संत गौतम आनंद, आचार्य रुपेश महाराज ने मिलकर यात्रा को सफल बनाने के लिए किए गए प्रयासों से लोगों को अवगत कराया।

# विश्व शांति के लिए अखंड महायज्ञ, जुटेंगे साधु-संत व भक्त



**रायपुर।** विश्व शांति के लिए अखंड महायज्ञ का शुभारंभ साधु, संतों और भक्तों की मौजूदगी में होगा। अलेख महिमा धर्म विकास संस्था के संस्थाप उदयनाथ बाबाजी के सानिध्य में ग्रास मेमोरियल मैदान में 27 से 29 तक यह आयोजन होने वाला है। विश्व शांति अखंड ब्रह्म महायज्ञ के इस आध्यात्मिक महाकुंभ में देशभर से साधु-संत, महात्मा और आध्यात्मिक गुरु शामिल होंगे। जो यज्ञ में सहभागिता करने के साथ जनसमूह को प्रवचन, आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी देंगे। इसमें प्रदेश की सुख, समृद्धि और ख़ुशहाली के लिए सामूहिक प्रार्थना भी की जाएगी।

### सामाजिक एकता का देंगे संदेश

मीडिया प्रभारी भगवानू नायक ने बताया कि महायज्ञ के पहले से ही साधु-संत और भक्तों का आगमन शुरू हो गया है। यह आयोजन विश्व शांति, सद्भावना और मानव कल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसमें सभी वर्ग के लोग भी शामिल होंगे। महायज्ञ में मुख्य आकर्षण अखंड यज्ञ एवं वैदिक अनुष्ठान, संतों के प्रवचन एवं आशीर्वाद, धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगीत की प्रस्तुति भी होगी। नशामुक्ति, महिला सशक्तीकरण, सामाजिक एकता व शांति का संदेश दिया जाएगा।

# शीतला माता के दरबार में जगमगाएंगे ज्योति कलश, पंजीयन कराने के लिए पहुंच रहे लोग

## पहले दिन से सांग-बाना का होगा पंजीयन, पंचमी को घर ले जा सकेंगे लोग

**रायपुर।** नवरात्रि से पहले शीतला माता मंदिरों में होने वाली पूजा9अर्चना के लिए तैयारी शुरू हो गई है। इस नवरात्रि को लेकर शीतला मंदिरों में भी रंग-रोगन के साथ तैयारी का सिलसिला जारी है। नौ दिनों तक मंदिरों में धार्मिक आयोजनों के साथ परंपरागत रूप से गतिविधियों का भी पालन किया जाएगा। इस वर्ष 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो रहा है। इसमें देवी मंदिरों में आस्था के दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। आमापारा, बूढ़ातालाब, टिकरापारा स्थित शीतला माता मंदिर में श्रद्धालु मन्नत के अनुसार दीप प्रज्ज्वलित करवाने के लिए पंजीयन करवाने पहुंचने लगे हैं।



### पंचमी को ले जा सकेंगे घर

चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इन दिनों शीतला मंदिरों में आस्था की धूम रहेगी। नवरात्रि के पहले दिन से ही सांग-बाना का भी पंजीयन शुरू हो जाएगा, जिसका मंदिर के माध्यम से ही पंजीयन किया जा सकता है। नवरात्रि से पहले ही इस पर रंग-रोगन और साफ सफाई शुरू हो गई है। पंचमी के दिन श्रद्धालु सांग-बाना को अपने घर ले जा सकेंगे।

### ज्योति कलश के लिए पंजीयन

पुरानी बस्ती शीतला देवी मंदिर के पुजारी नीरज सोनी ने बताया कि मंदिर में रंग-रोगन शुरू हो गया है। इस साल भी 700-1100 तक ज्योति कलश का लक्ष्य तय किया गया है। अब तक 400 से अधिक भक्तों ने पंजीयन कराया है। नवरात्रि में नौ दिनों तक रोजाना कीर्तन, आरती और देवी भजन के लिए मंडली को आमंत्रित किया गया है।

### सांग-बाना की बुकिंग शुरू

आमापारा स्थित शीतला मंदिर के पुजारी राकेश पांडे ने बताया कि नवरात्रि में नौ दिनों तक मंदिर में विशेष आयोजन किया जाता है। नवरात्रि के पहले दिन से सांग और बाना की बुकिंग शुरू हो जाएगी, जो श्रद्धालु मन्नत और घर पर जवारा बोते हैं, वे अपनी श्रद्धा अनुसार पंजीयन कराते हैं। मंदिर में ही 250 सांग-बाना मौजूद हैं। ज्योत जवारा के लिए 530 लोगों ने पंजीयन कराया है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट में बिलासपुर ब्लू ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जारी है। जिसमें बिलासपुर ब्लू ने अपना दूसरा मैच भिलाई के सिविक सेंटर मैदान में जांजगीर चांपा के विरुद्ध खेला। जांजगीर चांपा ने तीसरे दिन का खेल खत्म होते तक एक विकेट खोकर 59 बना लिए थे। चौथे दिन 59 रनो से आगे खेलते हुए 81।1 ओवर में चार विकेट खोकर 282 रन बना लिए और कोई नतीजा नहीं निकलने पर मैच ड्रॉ कर दिया गया और बिलासपुर ब्लू ने पहली पारी के बढ़त के आधार पर जीत दर्ज की और तीन अंक हासिल करने में सफल हुए। जांजगीर चांपा की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आयुष शर्मा ने नाबाद 101 रनों की शानदार पारी खेली और उसका साथ संजीव सिंह ने 40 रनों का योगदान दिया। जैनेंद्र सिडार ने 52 और कप्तान साहबान खान ने 54 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए श्रेयम सुंदरम दीपक सिंह बघेल इम्तियाज़ खान और परिवेश धर ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। मैच के निर्णायक सुनील डरसेना और हरप्रीत सिंह थे। स्कोरर नंद गिरीश और ऑब्जर्वर दलजीत सिंह सिडाना रहे। टीम के कोच सुशांत शुक्ला थे। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

### राज्य स्तरीय स्पर्धा में शामिल हुए 1200 से ज्यादा खिलाड़ी



**रायपुर।** राष्ट्रीय स्पोर्ट्स प्रमोशन संघठन, भारत स्कूल स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन व स्टेयर्स फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा खेलों क़ो बढ़ावा देने एक भारत एक लक्ष्य फिट इंडिया अभियान के तहत राज्य स्तरीय ताइक्वांडो, कराते, शतरंज, योगासन, स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 23 मार्च तक अग्रवाल पब्लिक स्कूल नवा रायपुर में किया गया।

छत्तीसगढ़ स्टेयर्स चीफ मुकेश पुरी गोस्वामी नें बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों नें उच्च खेल कौशल का प्रदर्शन किया व स्वर्ण, रजत, कास्य पदक अर्जित किया। सर्वाधिक स्वर्ण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग के खिलाड़ियों नें जीते। बस्तर व सरगुजा के खिलाड़ियों नें भी पदक जीते व अपना स्थान राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिल्ली हेतु छत्तीसगढ़ टीम में सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों से 1200 महिला पुरुष, स्कूल के बालक बालिका 60 रेफरी/निर्णायक शामिल हुए। प्रतियोगिता में विद्यालीन महाविद्यायलीन स्कूल और ओपन महिला पुरुष वर्ग में अंडर 12,14,14,19, जूनियर व सीनियर वर्ग में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों का चयन दिल्ली में 25 से 29 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

### राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता मे भाग लेने छत्तीसगढ़ की टीम गया रवाना

**रायपुर।** 34 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी



चैंपियनशिप बालक व बालिका मे भाग लेने छत्तीसगढ़ की बालक व बालिका टीम गया (बिहार) रवाना हुई। इस संबंध मे जानकारी देते हुये छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ महासचिव प्रदीप यादव ने बताया कि, छत्तीसगढ़ की दोनों टीम काफ़ी संतुलित है और इस बार मेडल के प्रबल दावेदार में से है। विगत वर्षो मे बालक टीम ने छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर मेडल दिला चुके है। प्रतियोगिता से पहले टीम का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था। जिससे खिलाड़ियों को खेल कौशल स्किल से अवगत कराया गया। बालिका व बालक टीम को कबड्डी किट व ट्रैकसूट खेल एंव युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदान किया गया है। बालक टीम में नवीन साहू (कप्तान), भूषण पटेल, सागर देवेंद्र, शिवा खैरवार, भव्य पटेल, नितेश साहू, निखिल, तुषार देवागन, बिरजू चौहान, शेखर राव, शौर्य कश्यप, और वासुदेव ठाकुर टीम मे शामिल है। बालक टीम के कोच रजनीश कैवर्त व मैनेजर राकेश कश्यप है। बालिका वर्ग मे ट्विंकल (कप्तान), अंजलि, भामनी, मीनाक्षी, प्रीति सलाम, प्रियंका, शशि, पायल, निशिका मौर्य, गूंजा वर्मा, भावी यादव और सानिया यादव शामिल है। बालिका टीम के कोच कौशल कश्यप और मैनेजर सरिता सिदार है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ संरक्षक रायपुर लोक सभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग लोक सभा सांसद विजय बघेल, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष शशि बघेल, महासचिव प्रदीप यादव, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, प्रमोद चौधरी, निरंजन सिन्हा, कोमल मरावी, कोषाध्यक्ष सेवाराम साहू, संगठन सचिव ओमप्रकाश जायसवाल और जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा आदि ने हर्ष जताया है।

#### लाइफ स्टाइल ने बिगाड़ा हमारे शरीर का ढंग

# देश की करीब आधी आबादी कमर या पीठ में दर्द से परेशान, लगातार बढ़ती जा रही है लोगों की दिक्कत

लाइफस्टाइल की गड़बड़ी ने हमारे शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। कई रिपोर्ट्स में स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को सावधान करते रहे हैं कि जिस तरह से हमारी शारीरिक निष्क्रियता बढ़ती जा रही है ये भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त बोझ बढ़ाने वाली हो सकती है। इसका कम उम्र से ही ध्यान रखना बहुत जरूरी है। ऑफिस हो या बिजनेस, बड़ी संख्या में लोग ऐसे है जिनके दिन का 8-10 घंटे बैठे-बैठे बीत जाता है। इसका दुष्प्रभाव ये है कि युवाओं में पीठ-कमर दर्द की दिक्कत तेजी से बढ़ती जा रही है। इस तरह के दर्द पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो ये गंभीर रूप भी ले सकता है, जिसके चलते जीवन के सामान्य कामकाज में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है। कहीं आप भी तो कमर या पीठ में दर्द से परेशान नहीं हैं?



### 48 फीसदी भारतीय कमर दर्द से परेशान

एक हालिया मीडिया रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में करीब 48 फीसदी लोग कमर या पीठ में दर्द से परेशान रहे हैं। यूके-यूएस में ये दर और भी ज्यादा है। हालांकि अगर समय रहते ही, शुरुआती स्थिति में इस तरह के दर्द पर ध्यान देकर इसका इलाज करा लिया जाए तो इसके गंभीर रूप लेने का खतरा कम हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि लंबे समय तक बैठे रहने से रीढ़ की हड्डी की डिस्क पर दबाव बढ़ने लगता है। मांसपेशियों में खिंचाव और बैठने का पोजिशन खराब होने के कारण भी पीठ दर्द हो सकता है। आगे चलकर इससे डिस्क डीजनरेशन और साइटिका जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

### पीठ-कमर में दर्द की इन वजहों पर भी दीजिए ध्यान

कमर-पीठ दर्द के लिए कई अन्य कारणों को भी जिम्मेदार पाया गया है, जिसका सभी लोगों को ध्यान देना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते है, जिन लोगों की शारीरिक गतिविधि कम होती है वह इसका शिकार हो सकते हैं, एक्सरसाइज न करने से मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। अत्यधिक वजन या मोटापा रीढ़ की हड्डी पर दबाव डालता है।गलत पोजीशन में स्क्रीन देखने से गर्दन और पीठ पर असर पड़ता है। भारी वजन उठाते हैं तो भी सावधानी बरतें। गलत तरीके से वजन



उठाने से कमर पर दबाव बढ़ जाता है।



### गड़बड़ पॉश्चर की दिक्कत

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बैठने या लंबे समय तक खड़े रहते समय अगर आपकी मुद्रा यानी पॉश्चर ठीक नहीं है तो ये पीठ के निचले हिस्से में दर्द का कारण बन सकती है। बहुत ज्यादा आगे या बहुत ज्यादा पीछे की ओर झुकने की स्थितियां भी समस्या पैदा कर सकती हैं। भले ही आपकी पीठ का दर्द खराब मुद्रा के कारण न हो, लेकिन इससे यह और भी बदतर हो सकता है।

### कमर-पीठ दर्द से कैसे बचा जाए?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर भी आप इस समस्या के जोखिम को कम कर सकते हैं।बैठते, खड़े होते और सोते समय सही पॉश्चर बनाए रखें।योग, स्ट्रेचिंग और हल्के वर्कआउट से मांसपेशियां मजबूत होती हैं।वजन नियंत्रण में रखें।



## लंच करते ही आने लगती है तेज नींद, इन उपायों से मिलेगा फायदा

क्या खाना खाने के बाद आपको भी बहुत तेज नींद आती है। इसे हम फूड कोमा के नाम से जानते हैं। आप इन टिप्स की मदद से नींद आने की समस्या को दूर कर सकते हैं।

अक्सर खाना खाने के बाद तेज नींद आने लगती है। खासकर दोपहर का खाना खाने के बाद ऐसा लगता है कि बस थोड़ा सा लेट जाएं और नींद अपनी आगोश में ले ले, ऐसा होता है, तो आप अकेले नहीं हैं। कई लोगों को खाना खाने के बाद तेज झपकी आती है, जिसे फूड कोमा कहा जाता है। क्या आपको मालूम है कि ऐसा क्यों होता है। हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर के मुताबिक खाने के बाद शरीर में इंसुलिन का स्तर अचानक बढ़ जाता है, जिससे ब्रेन में सेरोटोनिन और मेलाटोनिन नाम का हार्मोन रिलीज होने लगता है,जो हमें नींद का एहसास दिलाता है। खासतौर पर कार्बोहाइड्रेट और मीठे खाद्य पदार्थ खाने से ऐसा हो सकता है। हालांकि कुछ ऐसे असरदार तरीके हैं जो आपको फूड कोमा से बचाने में मदद कर सकते हैं।

### फूड कोमा से बचन के लिए क्या करें?

खाने से पहले ऐप्पल साइडर विनेगर पिएं। सिरका ब्लड



शुगर लेवल को बैलेंस करता है। यह इंसुलिन स्पाइक्स को कम करता है, जिससे नींद नहीं आती है। खाने से 15 -20 मिनट पहले 1 चम्मच सिरके को 150 एमएल पानी में मिलाकर पिएं। खाने के साथ सलाद जरूर खाएं। इसमें मौजूद फाइबर पाचन प्रक्रिया को धीमा करता है और इंसुलिन स्पाइक को कंट्रोल करता है। हर पत्तेदार सब्जियों और कच्ची सब्जियों से ब्लड शुगर स्थिर बनी रहती है।

खाने में देसी घी शामिल करें, इसमें हेल्दी फैट्स होते हैं, जो इंसुलिन स्पाइख को बैलेंस करने में मदद करते हैं। ।यह पाचन को बेहतर करता है और खाने को सही तरीके से तोड़ने में मदद करता है। आप रोटी या दाल में मिलाकर घी खा सकते हैं। खाना खाने के बाद कम से कम 15 मिनट जरूर टहलें। यह पाचन को सुधारता है और एनर्जी बनाए रखता है। इससे ब्लड शुगर का स्तर स्थिर रहता है।

हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर बताती हैं कि खाने के बाद हमारी बॉडी में इंसुलिन का स्तर बढ़ जाता है। इसके चलते दिमाग में में सेरोटोनिन और मेलाटोनिन नाम का हार्मोन रिलीज होने लगता है, जिसके कारण हमें नींद का एहसास होता है। लेकिन इससे बचने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खों को फॉलो कर सकते हैं।

### सेब का सिरका पिएं

एक्सपर्ट कहती हैं कि जब भी आप दोपहर का लंच करें, तो उससे पहले एप्पल साइडर विनेगर पिएं। सिरका पीने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रहता है। इससे इंसुलिन का स्तर भी नहीं बढ़ता है। आप खाने से 20 मिनट पहले एक गिलास में पानी में चम्मच भर सिरका मिलाकर पी सकते हैं।

## शेयर मार्केट में आप भी आजमाना चाहते हैं अपना लक तो ये वास्तु टिप्स आएंगे काम

अगर आप शेयर मार्केट में पैसे लगाते हैं और इससे आपको फायदे की जगह नुकसान होते हैं तो इसका एक कारण वास्तु दोष भी हो सकता है। आइए आपको बताते हैं किन वास्तु उपायों से आप इन दोषों को दूर करके शेयर मार्केट में मुनाफा पा सकते हैं।

वास्तु शास्त्र में सही स्थान का चयन करना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। आदर्श रूप से, अपने ट्रेडिंग डेस्क को घर या ऑफिस के उत्तर-पूर्वी कोने में रखें, क्योंकि यह दिशा सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि से जुड़ी होती है। इसके अलावा, डेस्क की दिशा उत्तर या पूर्व की ओर होनी चाहिए जिससे आप इन दिशाओं की लाभकारी ऊर्जा का लाभ उठा सकें। आपको इस बात का ध्यान देना चाहिए कि आपका ट्रेडिंग डेस्क दक्षिण या दक्षिण-पश्चिम कोने में नहीं होना चाहिए, क्योंकि ये दिशाएं वित्तीय हानि और रुकावटों को आकर्षित कर सकती हैं।

### ट्रेडिंग डेस्क की अव्यवस्था दूर करें

वास्तु में किसी भी अव्यवस्था को रुकी हुई ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बाधित कर सकती है। इसलिए, शेयर बाजार में सफलता के लिए अपने ट्रेडिंग स्पेस को व्यवस्थित और स्वच्छ रखना आवश्यक होता है। अपनी डेस्क और उसके आसपास की जगह से अनावश्यक वस्तुओं को हटा दें, जो आपके व्यापारिक लक्ष्यों से ध्यान भटकाने का काम कर सकते हैं। अपनी ट्रेडिंग डेस्क को सुव्यवस्थित रखें और आवश्यक उपकरणों को डेस्क में रखें। अपने जरूरी सामान को स्टोर करने के लिए आप शेल्फ, दराज या



फाइलिंग कैबिनेट का उपयोग करें, जिससे आपकी जगह व्यवस्थित बनी रहे। पुराने और बेकार पड़े कागजात को नियमित रूप से हटाते रहें ताकि व्यापारिक माहौल स्वच्छ और सकारात्मक बना रहे।

### पंच तत्वों का संतुलन बनाए रखें

वास्तु शास्त्र में पंच तत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के संतुलन को बनाए रखना आवश्यक माना गया है। ये तत्व व्यापारिक वातावरण में सामंजस्य और समृद्धि लाने में सहायक होते हैं। आप इन तत्वों को अपने ट्रेडिंग क्षेत्र में रंग, सजावट और अन्य वस्तुओं के माध्यम से संतुलित कर सकते हैं। पृथ्वी तत्व के लिए आप हरे और भूरे रंग के फर्नीचर या पेंट का प्रयोग करें, जिससे स्थिरता और वृद्धि को प्रोत्साहन मिल सकता है। जल तत्व को संतुलित करने के लिए छोटे फव्वारे या एक्वेरियम को अपने ट्रेडिंग क्षेत्र में रखें, जो वित्तीय प्रवाह का प्रतीक होता है। ताजगी और सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए कमरे में उचित वेंटिलेशन और हवा के प्रवाह का ध्यान रखें।

## चैत्र नवरात्रि में करने जा रहे हैं नए घर में प्रवेश तो जरूर जानें ये जरूरी बातें

अगर आप चैत्र नवरात्रि के दौरान नए घर में प्रवेश कर रहे हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखने की जरूरत होती है, जिससे किसी तरह की नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नए घर में न हो सके।

**मुख्य द्वार पर अशोक या आम के पत्तों का तोरण लगाएं:** यदि आप नए घर में प्रवेश के समय घर के मुख्य द्वार को पवित्र और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाए रखने के लिए अशोक या आम के पत्तों का तोरण लगाएं, तो यह आपके लिए बहुत शुभ हो सकता है। यह उपाय घर को नकारात्मक शक्तियों से बचाने में सहायक होता है। मान्यता के अनुसार, अशोक के पत्ते सुख-शांति के प्रतीक माने जाते हैं और बुरी नजर से बचाते हैं। वहीं, आम के पत्तों का तोरण लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसे मुख्य द्वार के ऊपर स्थापित करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार | निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

शीतल का फंडा पूरा घर ठंडा
DUCK कूलर विन्डो कूलर
कूलर हाउस
गांधी चौक, रंग मंदिर, नया नगर निगम के पास, रायपुर
(रतन जैन) (आकाश जैन)
9827129211, 9826164650

BIG BULL E-RIKCHOW & E-LOADER
ई-लोडर (डबल का फायदा)
• 1 टन से 1.5 टन लोडिंग क्षमता
• शानदार पिकअप, स्पीड, माइलेज
• खर्चा कम, कमाई दुगुना
छोटा नही बड़ा हाथी
डीलर : शुभ मार्केटिंग, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.) मो. 9826695200

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फैंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ऑस्कर विजेता निर्देशक बलाल को सेना ने किया रिहा, हमले के बाद हुए थे अरेस्ट



ऑस्कर विजेता डाक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के निर्देशक हमदान बलाल मंगलवार को रिहा कर दिया गया। उन्हें सोमवार को वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों के द्वारा किए गए हमले के बाद सेना ने हिरासत में लिया था।

ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री फिल्म के निर्देशक हमदान बल्लाल को मंगलवार 25 मार्च को रिहा कर दिया गया। उन्हें वेस्ट बैंक में यहूदी निवासियों द्वारा हमला किए जाने के बाद सेना ने हिरासत में लिया था। इस मामले पर निर्देशक की पत्नी का कहना है कि हमले के दौरान निर्देशक के साथ मारपीट की गई थी और वीडियो बनाया गया।

निर्देशक हमदान बल्लाल और उनके साथ हिरासत में लिए गए दो अन्य फलस्तीनीयों को मंगलवार दोपहर वेस्ट बैंक की बस्ती किरयात अरबा के एक पुलिस स्टेशन से रिहा कर दिया गया। घटनास्थल पर मौजूद एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों के अनुसार, बल्लाल के चेहरे पर चोट के निशान थे और उनके कपड़ों पर खून लगा था। रिहा होने के बाद तीनों को पड़ोसी फलस्तीनी शहर हेब्रोन के एक अस्पताल में ले जाया गया। उनके वकील, ली त्सेमेल ने कहा कि उन्होंने रात सैन्य अड्डे के फर्श पर बिताई, जबकि हमले में आई उनकी चोटों की काफी कम देखभाल की गई।

उन्होंने पहले कहा था कि उन पर एक युवा निवासी पर पत्थर फेंकने का आरोप लगाया गया था, आरोपों से वे इनकार करते हैं। इस घटना को लेकर फलस्तीनी निवासियों का कहना है कि लगभग दो दर्जन यहूदियों ने ने सोमवार शाम को वेस्ट बैंक के सुसिया गांव पर हमला किया। मौके पर पहुंचे सैनिकों ने फलिस्तीनियों पर अपनी बंदूकें तान दीं, जबकि निवासी पत्थर फेंकते रहे। इजरायली सेना ने सोमवार को कहा कि उन्होंने उनपर पत्थर फेंकने के संदेह में तीन फलस्तीनियों और एक इजरायली नागरिक को हिरासत में लिया है।

### टॉलीवुड

## नौजवान तमिल अभिनेता मनोज नहीं रहे, हार्ट अटैक ने ले ली जान



तमिल सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर भारतीराजा के बेटे और अभिनेता मनोज के भारतीराजा का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी मौत की वजह हार्ट अटैक बताई जा रही है। मनोज की उम्र 48 साल थी। नदिगर संगम (अभिनेताओं की एसोसिएशन) ने अपनी 'एक्स' पोस्ट में इस दुखद खबर की पुष्टि करते हुए लिखा, ₹डायरेक्टर भारतीराजा के बेटे मनोज के भारतीराजा का हार्ट अटैक से निधन हो गया।₹

मनोज ने अपने पिता भारतीराजा के निर्देशन में बनी फिल्म 'ताजमहल' से तमिल सिनेमा में डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने 'ईरानिलम' और 'वरुशामेलम वसंतम' जैसी फिल्मों में मुख्य किरदार निभाए। हाल के वर्षों में वह तमिल फिल्मों में सहायक भूमिकाएं कर रहे थे।

मनोज के निधन से तमिल फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। अभिनेत्री खुशबू सुंदर और निर्देशक वेंकट प्रभु ने उनके निधन पर दुख जताया है। खुशबू सुंदर ने लिखा, ₹यह सुनकर बहुत सदमा लगा कि मनोज अब हमारे बीच नहीं हैं। उनकी अचानक मौत से बहुत दुख हुआ। वह सिर्फ 48 साल के थे। भगवान उनके पिता भारतीराजा और उनके परिवार को इस दुख को सहने की ताकत दे। मनोज, आपकी कमी खलेगी। ओम शांति।₹

### भोजपुरी

## बिहार में 75 फीसदी शूटिंग करने पर मिलेंगे 4 करोड़ रुपये



बिहार की फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024 के तहत राज्य में बॉलीवुड और वेब सीरीज की शूटिंग बढ़ी है। नीतीश सरकार फिल्म निर्माताओं को 4 करोड़ रुपये तक का अनुदान दे रही है जिससे बड़ी फिल्मों और सीरीज की शूटिंग बिहार में हो रही है। नीतीश सरकार की पहल से बिहार भी अब फिल्म मेकिंग का हब बनने जा रहा है। राज्य अपने ऐतिहासिक जगहों और गांव की खूबसूरती से लेकर गंगा के किनारे बसे शहरों की वजह से देश और विदेश के फिल्ममेकर्स के लिए एक अच्छी शूटिंग लोकेशन बन गया है। बिहार, जो कभी अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता था। अब बॉलीवुड और वेब सीरीज की शूटिंग के लिए नया हॉटस्पॉट बन रहा है। 'फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024', फिल्म सिटी, अनुदान योजना और शूटिंग परमिशन ने फिल्ममेकर्स को बिहार की तरफ खींच रहा है।।

19 जुलाई 2024 को इस नीति को लागू करके इसके आगे की जिम्मेदारी बिहार फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड को सौंपी गई थी। नीति लागू होने के बाद से अब तक लगभग 11 फिल्मों को शूटिंग की इजाजत, दूसरी सुविधाएं और पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई गई है। इसमें एक वेब सिरीज और एक डॉक्युमेंट्री फिल्म भी शामिल है, जिसमें से कई फिल्मों की शूटिंग पूरी हो चुकी है। ये फिल्में हिंदी, भोजपुरी, मैथिली तथा एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म अंग्रेजी में है। गजनी, सिकंदर, दरबार जैसी अन्य कई सुपरहिट फिल्मों के निर्देशक एआर मुरुगादॉस की अपकमिंग फिल्म 'मद्रासी' की शूटिंग अभी बिहार में चल रही है। इसी तरह 'ओह माय गॉड 2' के निर्देशक अमित राय की आगामी फिल्म 'ओह माय डॉग' की शूटिंग भी अभी बिहार के कई जगहों पर चल रही है, जिसमें पंकज त्रिपाठी लीड रोल में हैं। इसके अलावा, फिल्ममेकर सागर श्रीवास्तव की एक बड़ी फिल्म की शूटिंग के लिए वाल्मीकि नगर में बड़ा सेट बनाया जा रहा है।

चमकता ट्रेंड

लाइफ स्टाइल



एक बार फिर से सदाबहार पसंदीदा डिजाइन बाजार की रौनक बन गई हैं। 2025 के ट्रेंड में स्ट्राइप्स और एनिमल प्रिंट जैसे क्लासिक मोटिफ भी साल के व्यापक थीम के रूप में काम कर रहे हैं। एक्सेसरी कैटेगरी में, जंबो-साइज़्ड हैंडबैग बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे, जो फैशन को उसकी ज़्यादा कार्यात्मक जड़ों पर वापस लाएंगे। आने वाले कलर ट्रेंड भी सदाबहार और लोगों के पसंदीदा हैं। शानदार मोचा ब्राउन सभी श्रेणियों में समृद्धि लाएगा, जिससे सबसे कमतर डिज़ाइन भी आलीशान लगेंगे।

## फैशन के नीचे गर्मियों में घर से निकलने से पहले टैनिंग से बचने उठाएं ये उपाय

यदि आप भी गर्मियों में घर से बाहर निकलने से पहले टैनिंग होने से डरती हैं तो आज हम आपको दो ऐसी चीजों के नाम बताने जा रहे हैं। जिनको आप घर से बाहर जाने से पहले अपने फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। इससे आप अपने फेस को टेन होने से बचा सकती हैं।

हम तरह-तरह के महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स खरीदते हैं। ताकि स्किन को प्रोटेक्ट किया जा सके। वहीं हर कोई मार्केट में मिलने वाले इन कीमती प्रोडक्ट्स को नहीं खरीद सकता है। ऐसे में कुछ लोग घरेलू उपाय अपनाते हैं, जो कि असरकारी होते हैं और साथ ही हमें इनके लिए ज्यादा पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ता है। अधिकतर लोग तो मार्केट के इन कैमिकल युक्त प्रोडक्ट्स के बजाय होममेड चीजों को ही इस्तेमाल करते हैं।



यदि आप भी घरेलू विधियों से अपना स्किन केयर करती हैं तो आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी के द्वारा बताई गई दो चीजों के नाम बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप गर्मियों में टैनिंग की समस्या से बच सकती हैं। इन्हें आप घर से बाहर निकलने से पहले अपने फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। आइये जानें इन दो चीजों के नाम जिससे आपकी स्किन ग्लोइंग होने के साथ कूल भी रहेगी।

**पपीता जेल :** पपीता जेल फेस के लिए काफी अच्छी होती है। इसको आप यदि रोजाना चेहरे पर लगाती हैं तो यह आपकी त्वचा ग्लोइंग बनाने के साथ आपके फेस के दाग-धब्बे भी हटाने में मदद करती है। इसके साथ ही आप इसके इस्तेमाल सेटैनिंग की समस्या से भी बच सकती हैं। इसके लिए आपको पपीता जेल को लेकर उसमें थोड़ा गुलाब जल की बूंदें डालकर फेस पर अप्लाई करना है और उसके बाद घर से बाहर निकलना है।

**टी-ट्री ऑयल :** यदि आप गर्मियों में फेस को टैन होने से प्रोटेक्ट करना चाहती हैं तो जब भी घर से बाहर निकलें तो हथेली और कुछ बूंदें टी-ट्री ऑयल की लेकर उसमें भी गुलाब जल या एलोवेरा जेल मिक्स करके अच्छे से मसाज करते हुए लगाएं। फिर अपने चेहरे पर अच्छी तरह लगाएं और उसके बाद घर से बाहर जाएं। आप चाहे तो इसे अपने हाथ-पैरों पर भी लगा सकती हैं।

इसमें मौजूद एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पिंपल्स आदि की समस्या से भी बचाव करते हैं।

## समर सीजन में स्टाइलिश लुक के लिए वार्डरोब में शामिल करें इन्हें



गर्मियों के मौसम में महिलाएं कंफर्टेबल रहने के लिए कुछ न्यू डिजाइन वाले आउटफिट की तलाश में रहती हैं। साथ ही, वो ये भी चाहती हैं कि वो जिस भी तरह का आउटफिट वियर करें उसमें वो स्टाइलिश नजर आए। वैसे तो आपको इस सीजन में पहनने के लिए कई तरह के आउटफिट के ऑप्शन मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप न्यू लुक चाहती हैं साथ ही ये भी चाहती हैं कि आप स्टाइलिश नजर आए तो आप ये बोहो ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट्स कूल साथ ही, स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।



### कॉटन बोहो ड्रेस

समर सीजन में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की बोहो ड्रेस स्टाइल करें। यह ड्रेस कॉटन फैब्रिक में है साथ ही, ये लॉन्ग और बेहद ही खूबसूरत डिजाइन में है। इस तरह की ड्रेस को ऑफिस या किसी फैमिली पार्टी में शामिल होने के दौरान भी वियर कर सकती हैंइस ड्रेस के साथ आप स्टाइलिश फ्लैट्स साथ ही, इयरिंग्स वियर कर सकती हैं।

### फ्लोरल बोहो ड्रेस

स्टाइलिश लुक के लिए आप इस तरह की फ्लोरल बोहो ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट आउटफिट न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस तरह की ड्रेस न्यू लुक पाने के लिए भी बेस्ट है। इस ड्रेस में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आएगा। इस ड्रेस को आप कहीं पार्टी में शामिल होने के दौरान वियर कर सकती हैं और यह ड्रेस को आपको 800 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप फ्लैट्स साथ ही लॉन्ग सिंपल इयरिंग्स स्टाइल कर सकती हैं। समर सीजन में कूल लुक के लिए आप इस तरह की ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं।

## ऑयली हेयर की समस्या को कम करने के लिए इन टिप्स को करें फॉलो

बाल खूबसूरत और सिल्की नजर आए इसके महिलाएं बहुत कुछ करती हैं। इसमें एक्सपर्ट के सुझाए गए कई सारे हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना तो वहीं, घरेलू नुस्खों का उपाय भी शामिल है। लेकिन, कई बार ऐसा होता है इन सभी चीजों का इस्तेमाल करने के बाद बालों से जुड़ी समस्या बनी रहती हैं और इसकी वजह ऑयली हेयर हो सकते हैं। वहीं अगर आप इस समस्या से छुटकारा पाना चाहती हैं तो आप इन टिप्स को फॉलो कर सकती हैं साथ ही, इन टिप्स को आप अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल कर सकती हैं।

### बालों को न करें रोजाना वॉश

ऑयली हेयर से छुटकारा पाने के लिए कई महिलाएं बालों को बार-बार वॉश करती हैं लेकिन, ऐसा नहीं करना चाहिए। दरअसल, बालों को रोजाना वॉश करने से स्कैल्प से अधिक मात्रा में तेल उत्पन्न होता है और इस वजह से बालों से जुड़ी समस्या बढ़ सकती हैं। बालों को आप हफ्ते में 2 से 3 बार धोएं और इन्हें धोने के लिए हल्के गुनगुने का पानी का इस्तेमाल करें।



स्कैल्प पर न करें कंडीशनर का इस्तेमाल

ऑयली बालों की समस्या को कम करने के लिए सही शैंपू साथ ही, कंडीशनर का इस्तेमाल करें। दरअसल, स्कैल्प पर बालों के लिए होता है इसके लिए कंडीशनर का इस्तेमाल आप स्कैल्प न करें. कंडीशनर पर बालों के एंड्स पर लगाएं।

### बालों को इस तरह सुखाएं

बालों को धोने के बाद अगर आप इन्हें सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल न करें। हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करने से भी ऑयल प्रोडक्शन ज्यादा हो सकता है और इस वजह से बालों को नुकसान हो सकती हैं। बालों को नैचुरली हवा में ही सुखाएं।

## गलत फुटवियर की वजह से एड़ियों की कोमलता हो गई है गायब, तो ये फुट केयर

फुटवियर आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करता है। लेकिन, गलत फुटवियर का चुनाव करने से जहां आपके पैरो में दर्द की समस्या होती हैं तो वहीं इसकी वजह से एड़ियों की कोमलता भी गायब हो जाती है। दरअसल, गलत फुटवियर पहनने की वजह से आपकी एडियां सख्त और ड्राई हो जाती हैं और इसकी वजह से कई बार आपको शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ता है।

### पैरों को करें इस तरह साफ

फुटवियर की वजह से पैरों की गायब हुई कोमलता को वापस पाने के लिए पैरों की सफाई करना जरूरी है। पैरों को सही तरह से सफाई करने के लिए जहां पैरों की साफ होंगे तो वहीं ड्राइनेस की समस्या भी कम होगी।

### इस तरह करें पैरों को साफ

एक टब या बाल्टी लें और इसमें गुनगुन पानी डालें। इसमें शैम्पू डालें और इसके बाद इसमें पैरों को



भिगो लें। इसके बाद इन्हें अच्छी तरह से सुखाएं और उन्हें मॉइश्चराइजर करें।

### सोने से पहले करें ये काम

पैरों को कोमल बनाए रखने के लिए आप इन्हें सोने के पहले मॉइश्चराइजर करें। मॉइस्चराइजर करने के लिए आप बेस्ट मॉइश्चराइजर का चुनाव करें। इसी के साथ आप नारियल/ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### एक गलती बिगाड़ सकती है आपका पूरा लुक, रहें सावधान

## चाहिए 'मिस्टर हैंडसम' का टाइटल तो कपड़े पहनते समय ध्यान रखें इन बातों का, मिलेगी भरपूर तारीफ

शायद ही कोई ऐसा लड़का होगा, जो तैयार होते वक्त ये न सोचे कि आज तो उसे सब देखते रह जाएंगे और हर कोई उसकी तारीफ करेगा। लेकिन इसके बावजूद बहुत से लड़के तैयार होते वक्त कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, कि उनका लुक बिगड़ जाता है। इसलिए लड़कियां अक्सर कह देती हैं कि लड़कों को फैशन सेंस नहीं होता। यदि आप भी उन लोगों में से हैं, जिन्हें अपनी तारीफ कराना पसंद है तो आपको तैयार होते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। हैंडसम दिखने के लिए ये जरूरी नहीं है कि आप हमेशा महंगे और ब्रांडेड कपड़े ही पहनें। आप सस्ते कपड़ों में कुछ बातों का ध्यान रखकर हैंडसम दिख सकते हैं।



### फिटिंग हो सही

भले ही आज-कल कितना भी लूज फिटिंग के कपड़े पहनने का ट्रेंड है, लेकिन अगर आप मिस्टर हैंडसम का टाइटल जीतना चाहते हैं तो हमेशा सही फिटिंग के कपड़े ही पहनें। सही फिटिंग के कपड़े आपको स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं। बस ध्यान रखें कि इसकी फिटिंग ज्यादा टाइट भी न हो।

### साफ हों कपड़े

आपके कपड़े भले ही महंगे ब्रांड के न हों,



लेकिन ये अच्छी तरह से साफ होने चाहिए। महंगे कपड़े भी अगर थोड़े से भी गंदे होंगे तो उनकी वैल्यू कम हो जाती है। इसलिए हमेशा अपने कपड़ों को अच्छी तरह से साफ करके ही इस्तेमाल करें।

### सही से प्रेस हों

कभी भी ऐसे कपड़े न पहनें, जो पूरी तरह से गुजले हुए हों। गुजले हुए कपड़े आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं। हमेशा ऐसे कपड़े पहनें, जिसे आपने सही से प्रेस किया हो। गर्मियों में जो सूती कपड़े पहने जाते हैं, उन्हें हल्का सा पानी डालकर प्रेस करें, ताकि उनमें देर से सिलवटें पड़े।

### कपड़ों के हिसाब से हों जूते

फुटवियर का चयन हमेशा कपड़ों के हिसाब से ही करना चाहिए। कई बार लड़के कुर्ता पायजामा के साथ स्पोर्ट्स शूज पहनते है, जिसकी वजह से उनका एथनिक लुक खराब हो जाता है।